राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उतरांचल, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा में प्रसारीत

सुरत-गुजरात, संस्करण मंगलवार, 21 दिसंबर-2021 वर्ष-4, अंक-328 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें

पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023

संपर्क नं.-9879141480

ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

## बहन को मेसेज करने वाले भाई को असामाजिक लोगों ने चाकू से वार कर हमला कर दी.

**क्रांति समय,सूरत**

पांडेसरा में शनिवार देर रात डबल मर्डर हुआ। जिसमें दोस्त और उसके दोस्त को बचाने में मध्यस्थता कर रहे एक युवक की चप्पू-चप्पू के घाव से मौत हो गई. शनिवार की रात पांडेसरा तेरे नाम चौकड़ी के पास जमीन दलाल अनुराग उर्फ बंटी शुक्ला, उसका दोस्त शिवशंकर उर्फ भोला जायसवाल, प्रवीण उर्फ प्रवीण मारवाड़ी सोलंकी, आशुतोष पाठक समेत पांच दोस्त बैठे थे. इसी बीच जमीन के दलाल का परिचित किशन सिंह अपने दोस्त विशाल के साथ बाइक पर आ गया। किशन सिंह और विशाल दोनों का प्रवीण सोलंकी से झगड़ा होने लगा। तो मध्यस्थ बने भोला, प्रवीण को घर ले जाने की बात करते हुए किशन सिंह भोला से बहस करने लगा। इसके बाद किशनसिंह ने रेम्बो में गोली चला दी और प्रवीण के पेट में जख्मी कर दिया, जिससे उसकी जान बच गई। उसके पीछे भाग रहे दोस्त को बचाने के लिए हत्यारा भोलेपन के पीछे भागा। तो किशन सिंह ने भी भोला को छुरी से थप्पड़ मारा। इसके बाद विशाल ने पास की एक चीनी दुकान से चम्मच लिया और भोला को सिर में मार दिया। भोला को उसके दोस्त एक निजी अस्पताल ले गए। जहां संक्षिप्त इलाज के बाद भोला जायसवाल (32) (राहे, राधेश्यामनगर, पांडेसरा) की मौत हो गई।

प्रवीण सोलंकी (22) (राहे,



गायत्री नगर, पांडेसरा) का रविवार को निधन हो गया। पांडेसरा पुलिस ने जमीन दलाल अनुराग शुक्ला के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली है। जिसके आधार पर पुलिस ने किशनसिंह मनोजसिंह सिंह व विशाल (दोनों रहते जय जवान जय किसान सोसा, पांडेसरा) के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस ने कथित तौर पर एक हत्यारे को पकड़ लिया है। हालांकि पुलिस ने इस मामले में आधिकारिक पुष्टि नहीं की।

मृतक प्रवीण मारवाड़ी को इससे पहले पांडेसरा पुलिस गांजा के एक मामले में गिरफ्तार कर चुकी है

.जिसके चलते किशन सिंह और प्रवीण के बीच कई महीनों तक झगड़ा होता रहा। इसी रंजिश में किशनसिंह ने अपने समाज में रहने वाले विशाल के साथ मिलकर प्रवीण मारवाड़ी को मारने की योजना बनाई। हत्याकांड सीसीटीवी में कैद हो गया है। जिसका फुटेज भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। हमलावर भोला के सीने पर बैठा मिला और उसे चाकू मार दिया। मृतक प्रवीण उर्फ प्रवीण मारवाड़ी को पहले पांडेसरा पुलिस ने गांजा के साथ पकड़ा था।

प्रवीण किराना स्टोर के मालिक हैं और भोला जायसवाल साबुन की फैक्ट्री के मालिक हैं। भोला की शादी ४ साल पहले हुई थी। हालांकि दो हत्यारों ने ३ दोस्तों के सामने रेम्बो की गोलियों से दो दोस्तों को मार डाला, लेकिन एक भी दोस्त ने तुरंत पुलिस को १०० रिपोर्ट करने की पहल नहीं की।

## बीचबचाव करने गई दोस्त पर हमला दोनों ने घायलावस्था में मृत्यु हुई

## 'आप' नेता ईसुदान गढ़वी पर महिला से छेड़छाड़ का आरोप, पुलिस ने लिया हिरासत में

**क्रांति समय,सूरत**

गांधीनगर,गुजरात भाजपा की महिला कार्यकर्ता के आम आदमी पार्टी (आप) नेता ईसुदान गढवी पर शराब के नशे में छेड़छाड़ करने के आरोप के बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। पुलिस अब ईसुदान गढ़वी का गांधीनगर के सिविल अस्पताल में मेडिकल जांच करवाएगी और उसके बाद ही आगे की कार्यवाही करेगी। घटना है गुजरात प्रदेश भाजपा मुख्यालय कमल की। जहां पेपर लीक मामले को लेकर आप के प्रदेश प्रमुख गोपाल इटालिया समेत पार्टी कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे। जहां भाजपा और आप कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं के बीच घर्षण होने पर वहां मौजूद पुलिस को बल प्रयोग



करना पड़ा। पुलिस के लाठियां भांजते ही कार्यकर्ताओं में भगदड़ मच गई। शेष बचे आप नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जिसमें आप के प्रदेश प्रमुख गोपाल इटालिया और ईसुदान गढ़वी समेत अन्य कई शामिल हैं। इस घटनाक्रम के बीच भाजपा की महिला नेता श्रद्धा राजपूत ने आप नेता ईसुदान गढवी पर नशे की हालत में होने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं नशे की हालत में गढवी ने उनके साथ छेड़छाड़ भी की। श्रद्धा राजपुत की शिकायत मिलने के बाद हरकत में आई पुलिस ने ईसुदान गढवी को हिरासत में लेकर मेडिकल जांच के लिए गांधीनगर सिविल अस्पताल रवाना कर दिया। दरअसल गत 12 दिसंबर को गुजरात गौण सेवा पसंदगी मंडल की ओर से हेड क्लर्क के पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा ली गई थी। लेकिन परीक्षा का पेपर लीक होने की मीडिया खबरें सामने आने और सरकार द्वारा इसे स्वीकार किए जाने के बाद इस मुद्दे पर राजनीति भी तेज हो गई। पहले कांग्रेस पेपर लीक मामले को लेकर सरकार ने घेरने लगी। अब आम आदमी पार्टी भी मैदान में उतर आई है। इसके अंतर्गत आज आप के नेता और कार्यकर्ता गुजरात प्रदेश भाजपा मुख्यालय विरोध प्रदर्शन करने पहुंच गए।

जहां भाजपा और आप कार्यकर्ताओं के बीच घर्षण से माहौल तनावपूर्ण हो गया। मामला बिगड़ता देख वहां मौजूद पुलिस की लाठियां चलने पर कार्यकर्ताओं में भगदड़ मच गई। जिसमें कई कार्यकर्ताओं को चोटें भी आई हैं।

## चार साल की बच्ची पर तेंदुए का हमला, बाल बाल बची बच्ची की जान

**क्रांति समय,सूरत**

गिर सोमनाथ, ऊना के भडियादर गांव में चार साल की



बच्ची पर तेंदुए के हमले से स्थानीय लोगों में दहशत व्याप्त है। तीन दिन पहले सनखडा गांव में चार साल के बच्चे पर तेंदुए ने हमला कर दिया था, जिसमें वह घायल हो गया था। जानकारी के मुताबिक गिर सोमनाथ जिले की ऊना तहसील के भडियादर गांव के खेत में चार वर्षीय बच्ची अपनी माता की गोद में खेल रही थी। उस वक्त अचानक तेंदुए हमला कर दिया और बच्ची को गले से दबोचकर भाग निकला। माता की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान तेंदुए के मुंह से बच्ची छुड़ाने उसके पीछे दौड़ने लगे। चारों तरफ से लोगों को अपनी ओर आता देख तेंदुए ने बच्ची को छोड़ दिया और वहां से भाग गया। तेंदुए के हमले में बच्ची के गले और पीठ पर चोट आई है। इससे पहले 17 दिसंबर को ऊना तहसील के सनखडा गांव में भीडभंजन क्षेत्र के खेत से अपने घर जा रहे चार वर्षीय बच्चे पर तेंदुए ने हमला कर दिया था। हांलाकि बच्चे के पिता की चीखने-चिल्लाने से तेंदुआ बच्चे को छोड़ भाग गया था। तेंदुए के हमले में बच्चे के सिर में चोट के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फिलहाल बच्चा स्वस्थ है। इन घटनाओं के बाद वन विभाग ने आदमखोर तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया है।

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें

पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023

संपर्क नं.-9879141480

ईमेल:-krantisamay@gmail.com

समस्या आपकी हमें भेजे

अपने क्षेत्र में समस्याएं हमें लिखे या बताएँ और समस्याएं का हल संबंधित विभाग से मिलेगा

मोबाईल:-987914180

या फोटा,वीडियो हमें भेजे

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार

भारत के अन्य राज्यों में जिला ब्यूरों और अन्य शहर,ग्राम में पत्रकारों की नियुक्त के लिए आवेदन कर सकते है

पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023

संपर्क नं.-9879141480

ईमेल:-krantisamay@gmail.com

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

सुविचार — मनुष्य अपने जन्म से नहीं बल्कि अपने कर्म से महान बनता है। - चाणक्य

# संपादकीय

## सूरज के करीब

यह किसी जादुई रोमांच से कम नहीं कि मानव इतिहास में पहली बार किसी अंतरिक्ष यान ने सूर्यमंडल को छुआ है। नासा का पार्कर सोलर प्रोब सूर्य के ऊपरी वायुमंडल से होकर गुजरा है। इस कामयाबी और उसके शुरुआती नतीजों की घोषणा 14 दिसंबर को अमेरिका के न्यू ऑरलियंस में की गई है। यह अत्यंत पठनीय रिपोर्ट एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में प्रकाशित हुई है। पार्कर सोलर प्रोब सौर विज्ञान के क्षेत्र में एक ऐसी लंबी छलांग है, जिसकी चर्चा हमेशा होगी। जिस तरह चंद्रमा पर उतरने से वैज्ञानिकों को यह समझने में बहुत मदद मिली थी कि वह कैसे बना है, ठीक उसी तरह से सूर्य के पास जाकर पुख्ता जानकारी हो सकेगी कि सूर्य कैसे बना है? सूर्य के भूगोल, इतिहास के बारे में भी और प्रामाणिक तौर पर दुनिया के लोग जान सकेंगे। वाशिंगटन में नासा के मुख्यालय में विज्ञान मिशन निदेशालय के सहयोगी प्रशासक थॉमस जुर्बुचेन का उत्साह काबिलेगौर है। वह इस कामयाबी को उचित ही मील का पत्थर बता रहे हैं। हम सूर्य के विकास व सूर्यमंडल के प्रभावों को समझने की दिशा में अब और तेजी से बढ़ने वाले हैं। सूर्य को समझने से बाकी ब्रह्मांड और अन्य चमकदार सितारों को समझने में बहुत सहूलियत हो जाएगी। नासा के इस अभियान की शुरुआत साल 2018 में हुई थी, अब उसकी कामयाबी सामने आने लगी है। सौर हवा में चुंबकीय संरचनाएं कहां और कैसे बनती हैं, इसकी खोज जारी है। पार्कर सोलर धीरे-धीरे सौर सतह के करीब पहुंचा है। इस बड़े अभियान के एक वैज्ञानिक नूर रौफी कहते हैं, 'सूर्य के इतने करीब से उड़ान भरते हुए पार्कर सोलर प्रोब सौर वातावरण की चुंबकीय रूप से हावी परत- कोरोना- की स्थितियों को महसूस कर सका है, जो हम पहले कभी नहीं कर सके थे।' सूर्य की सतह पृथ्वी जैसी ठोस नहीं है। वहां अत्यधिक गरम वातावरण है, जो गुरुत्वाकर्षण और चुंबकीय बलों द्वारा सूर्य से बंधी सौर सामग्री से बना हुआ है। बढ़ती गरमी और दबाव की वजह से सौर सामग्री सूर्य से दूर छिटकती है। सौर हवा के व्यवहार के बारे में हम ज्यादा से ज्यादा जानने वाले हैं। किरण या ऊर्जा सूर्य से केवल छिटककर दूर जाती है, क्या वह किसी रूप में लौटती भी है? वैज्ञानिक इसका विस्तार से अध्ययन करेंगे। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पार्कर सोलर यान ने सूर्य से पृथ्वी की दूरी का 91 प्रतिशत हिस्सा तय कर लिया है। पहली बार अंतरिक्ष यान ने खुद को ऐसे क्षेत्र में पाया है, जहां चुंबकीय क्षेत्र इतने मजबूत थे कि वहां मौजूद कण-कण की गति पर हावी हो रहे थे। यह वह क्षेत्र है, जहां से सूर्य का अपना विशेष प्रभाव शुरू होता है, जहां सूर्य का प्रत्यक्ष नियंत्रण है। पार्कर सोलर यान कुछ घंटों तक सूर्य के क्षेत्र में रहा है, और अब वह फिर अगले ही महीने, यानी जनवरी 2022 में इसी क्षेत्र में होगा। सब कुछ सही रहा, तो आने वाले वर्षों में यह यान अनेक बार सूर्य क्षेत्र से होकर गुजरेगा। सूर्य के रहस्य को खोलने की दिशा में नासा का यह अभियान वैज्ञानिकों के लिए एक बड़ी सफलता है। इससे विज्ञान के प्रति दुनिया में लगाव भी बढ़ेगा। सूर्य को लेकर कई प्रकार के मिथक रहे हैं, उनमें से ज्यादातर धीरे-धीरे टूट चुके हैं, अभी और भी टूटेंगे। कहने की जरूरत नहीं है कि इस अभियान से आगामी सौर व अंतरिक्ष अभियानों को काफी मदद मिलने वाली है।

# उपलब्धियों पर आधारित उपयोगिता



– डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक जनसभाओं में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा कर चुके हैं। उनका यह विचार मात्र राजनीति तक सीमित नहीं है बल्कि यह प्रमाणों व तथ्यों पर आधारित है। योगी सरकार ने अपने कार्यकाल में अनेक अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। अनेक विषयों पर तो 70 वर्ष के कार्य भी पीछे छूट गए। नए भारत में नए उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक योगदान है। शाहजहाँपुर में नरेंद्र मोदी ने इन उपलब्धियों के आधार पर योगी आदित्यनाथ की उपयोगिता को रेखांकित किया। यूपी विधानसभा चुनाव में सत्ता पक्ष के नेतृत्व को लेकर चल रहे कयासों पर विराम लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक रूप में अलंकारिक शब्दावली में योगी आदित्यनाथ के नाम का उल्लेख किया। यह स्वभाविक भी था क्योंकि उत्तर प्रदेश के इतिहास में विगत पांच वर्ष उपलब्धियों की दृष्टि से सर्वाधिक महत्वपूर्ण रहे है। करीब पचास योजनाओं में यूपी के नंबर वन का गौरव सामान्य नहीं है। प्रधानमंत्री पिछले कुछ समय में कई बार उत्तर प्रदेश की यात्रा पर आए। उनकी प्रत्येक यात्रा यूपी की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित हो रही है। सभी परियोजनाओं का क्रियान्वयन योगी आदित्यनाथ की अनवरत मेहनत व सक्रियता से संभव हो रहा है। कुछ दिनों पहले नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण किया था, इसकी चर्चा दुनिया में हुई। इसके पहले कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट लोकार्पण में तो 20 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे लोकार्पण अवसर पर युद्धक विमानों के प्रदर्शन को भी दुनिया ने गौर से देखा। मेडिकल कॉलेज निर्माण में भी यूपी शिखर पर है। नरेंद्र मोदी ने स्वयं कहा था कि योगी सरकार की सभी उपलब्धियों को गिनाना संभव नहीं है क्योंकि इसके लिए बहुत समय की आवश्यकता होगी। ऐसे में उन्होंने शाहजहांपुर में जो कहा वह अप्रत्याशित नहीं था। नरेंद्र मोदी ने योगी की जमकर सराहना की। उनके अनुसार उत्तर प्रदेश की जनता अब कह रही है- यूपी प्लस योगी, बहुत है उपयोगी। नरेंद्र मोदी ने मंच से इस नारे को कई बार दोहराया। अपार जनसमूह ने इसका पुरजोर समर्थन किया। कुछ देर तक जनसभा में यह नारा गूंजता रहा। प्रधानमंत्री ने मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाले गंगा एक्सप्रेस वे का शिलान्यास किया। वह इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। योगी सरकार ने व्यवस्था को सुधारने का बखूबी कार्य किया है। माफियाओं पर नकेल कसी गई। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे लोकार्पण के साथ ही उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा एक्सप्रेस-वे वाला राज्य बन गया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे और बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे का कार्य प्रगति पर है। सबसे बड़ी गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना अगले करीब दो वर्ष पूरी होगी।गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण गोरखपुर-आजमगढ़ के बीच तेजी से चल रहा है। गंगा एक्सप्रेस-वे लगभग छह सौ किमी लंबी होगी। देश की सबसे लंबी गंगा एक्सप्रेस-वे मेरठ से प्रयागराज तक बनेगी। इसके लिए 95 प्रतिशत से ज्यादा जमीन ली जा चुकी है। नरेंद्र मोदी के कथन को राष्ट्रीय स्तर पर भी सकारात्मक समर्थन मिला है। डबल इंजन की सरकार, मोदी योगी की जोड़ी, उत्तर प्रदेश में पांच एक्सप्रेस-वे, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण, एयरपोर्ट निर्माण और कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ स्थिति, माफियाओं की अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलाने आदि को लोगों ने सराहनीय कार्य बताया। योगी सरकार उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य कर रही है। इसी क्रम में वैश्विक स्तर की बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश में एक्सप्रेस-वे का संजाल बिछाया जा रहा है। विकास के मामले में सरकार का नजरिया समग्रता का है। सरकार एक्सप्रेस-वे के साथ एयर कनेक्टिविटी पर भी बराबर का जोर दे रही है। सरकार ने दशकों से लंबित वाण सागर, अर्जुन सहायक नहर, सरयू नहर राष्ट्रीय परियोनाओं को पूरा किया। किसानों को समय से पानी के साथ खाद भी मिले, इसके लिए करीब तीन दशक से बंद गोरखपुर के खाद कारखाने की जगह नया कारखाना लगाया। सबके स्वास्थ्य का सपना साकार करने के लिए गोरखपुर एम्स का भी उद्घाटन हो चुका है। विकास का यह सिलसिला जारी है। शाहजहांपुर में नरेंद्र मोदी ने यूपी के विकास का उल्लेख किया। साथ ही विपक्ष पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों को देश की विरासत से भी परेशानी होती है। क्योंकि इन्हें अपने वोट बैंक की चिंता ज्यादा सताती है। देश के विकास से दिक्कत इस कारण क्योंकि गरीबों की इन पर निर्भरता दिनों-दिन कम हो रही है। काशी में बाबा विश्वनाथधाम के पुनर्निर्माण कार्य से भी कुछ दलों के नेताओं की परेशानी सामने आई है क्योंकि इससे उन्हें वोट बैंक की चिंता सता रही है। ऐसे दल गंगा की सफाई, आतंक के आकाओं के खिलाफ सेना की कार्रवाई पर सवाल उठाते हैं। ये वही लोग हैं जो भारतीय वैज्ञानिकों की बनाई मेड इन इंडिया कोरोना वैक्सीन को कठघरे में खड़ा कर देते हैं। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनने से परेशान होते हैं। सरकारें पहले भी आती-जाती रही हैं। देश के विकास का उत्सव हम सभी को खुले मन से मनाना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में आने के बाद से निरंतर जोड़ने का काम हुआ है। सबको साथ लेकर चलने का काम हुआ है। इसी कड़ी में गंगा एक्सप्रेस-वे प्रयागराज को मेरठ से जोड़ने का काम करेगा। नरेंद्र मोदी देश के किसानों, महिलाओं, नौजवानों के लिए अनवरत कार्य करने वाले प्रधानमंत्री हैं। उन्हें कुछ दिनों पहले काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण करते, श्रमिकों पर पुष्प वर्षा करते देख सभी लोग अभिभूत हुए। आजादी के बाद से किसानों, नौजवानों, महिलाओं, श्रमिकों के साथ हमारी आस्था को सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद से पांच वर्ष पहले तक मात्र एक एक्सप्रेस-वे बना था। आज छह एक्सप्रेस-वे बन रहे हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने कुछ दिनों पहले ही किया है। बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे, दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर एक्सप्रेस-वे और अब गंगा एक्सप्रेस-वे की नींव रखी जा रही है। लगभग छह सौ किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे न केवल प्रयागराज से मेरठ को जोड़ने का काम करेगा, बल्कि इससे रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। यह आपसी दूरी को कम करेगा। दिलों की दूरी को भी कम करेगा। लोगों को जोड़ने का भी काम करेगा।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# व्यवहार में संवेदनशीलता का मूल्यांकन

सीताराम गुप्ता

मिलने पर अथवा किसी से मिलने जाने पर किसी की कुशलता विषयक जानकारी लेना शिष्टाचार का प्रमुख अंग है। सामान्य बातचीत हो अथवा किसी की मिजाजपुर्सी के लिए जाना हो, प्रायः प्रश्नों का ही आदान-प्रदान होता है। इस दौरान हम जो प्रश्न पूछते हैं, उनसे न केवल ये पता चलता है कि हम शिष्टाचार का पालन करना जानते हैं अथवा नहीं अपितु उनसे हमारी मनोवृत्ति व नीयत का भी पता चल जाता है। किसी के द्वारा पूछे गए प्रश्नों से उनकी मानसिकता ही नहीं, उनमें व्याप्त मानस रोगों का भी पता चल जाता है। इसलिए अनिवार्य है कि प्रश्न पूछते समय हम न केवल सतर्क रहें अपितु सामान्य शिष्टाचार, व्यवहार कुशलता व अवसरानुकूलता का भी ध्यान रखें। दुख के वातावरण में आमोद-प्रमोद की बातें करना व किसी मांगलिक अवसर पर पूरी दुनिया के दुखों की कहानियां लेकर बैठ जाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं ठहराया जा सकता लेकिन कुछ लोगों को ऐसा करने में ही आनंद आता है। वास्तव में किसी का जी दुखाने वाले अथवा किसी को अपमानित करने वाले प्रश्न पूछने वाले लोग कतिपय मनोग्रंथियों के शिकार होते हैं। यदि हम दूसरों के प्रति संवेदनशील हैं व उनके दुख-दर्द से सचमुच दुखी हैं तो हम कभी ऐसे नकारात्मक प्रश्न नहीं पूछ सकते, जिनको सुनकर या जिनका उत्तर देने में सामने वाले को कष्ट हो। साथ ही कोई ऐसी टिप्पणी भी नहीं करते, जिससे सामने वाले की पीड़ा कम होने के बजाय और बढ़ जाए। कई बार कुछ लोग दूसरे लोगों की उपस्थिति में ऐसे प्रश्न पूछ लेते हैं, जिनका जवाब देना कठिन ही नहीं, असंभव होता है। किसी को नीचा दिखने के उद्देश्य से पूछे गए ऐसे प्रश्न तो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराए जा सकते। यदि हम ऐसा करते हैं तो हममें सामान्य व्यावहारिक गुणों के साथ-साथ मनुष्यता नाम का तत्व भी बिलकुल नहीं माना जा सकता। कुछ लोग जाएंगे तो दूसरों की मिजाजपुर्सी के लिए लेकिन जितनी देर ठहरेंगे, बात करेंगे सिर्फ अपने और अपने बच्चों के बारे में। न सामने वाले को बोलने का मौका ही देंगे और न उसके घर-परिवार व उससे संबंधित किसी बात को महत्व देंगे। क्या इस प्रकार के व्यवहार व वार्तालाप द्वारा परस्पर स्वस्थ संबंधों का विकास संभव होगा? शायद नहीं। हमें चाहिए कि हम जिससे बात करने पहुंचे हैं, उसको ही नहीं, उससे संबंधित हर व्यक्ति व बात को महत्व दें। उसके विषय में व उसके परिवार के विषय में पूछें। यदि हम किसी की किसी प्रकार की कोई भी मदद नहीं कर सकते तो कम से कम उसको उपेक्षित अनुभव करवाने अथवा उसका जी दुखाने के स्थान पर उसके कंधे पर हाथ रखकर आत्मीयता का प्रदर्शन तो कर ही सकते हैं। हमें चाहिए कि हम जो बात भी पूछें, इस तरह से पूछें कि बात पूछने में ही अपनापन झलके। कई लोग जब भी बात करेंगे तेरा-मेरा करके ही करेंगे। ज्यादा से ज्यादा शब्द आपका प्रयोग कर लेंगे। पिछले दिनों पुत्र कोविड से संक्रमित होकर गंभीर रूप से बीमार था। उसका हालचाल जानने के लिए प्रायः ही मित्रों व परिचितों के फोन आते थे। इससे बड़ी संतुष्टि मिलती थी कि लोग हमारे साथ खड़े हैं। अनेकानेक लोगों ने हर प्रकार से सहायता भी की। लेकिन साथ ही कई लोगों के व्यवहार व उनकी भाषा और पूछने के ढंग से दुख भी कम नहीं होता था। एक सज्जन प्रायः संदेश भेजकर पूछते थे कि आपका लड़का कैसा है? वी आर वरीड अबाउट योर सन। ये भाषा क्या प्रदर्शित करती है? क्या हममें नाममात्र का भी अपनापन नहीं है? यदि नहीं है तो मिजाजपुर्सी का नाटक करने की ही क्या जरूरत है? हर व्यक्ति का एक नाम होता है। जब हम किसी का नाम लेकर बात करते हैं तो उसमें आत्मीयता झलकती है। आपका बेटा कौन सी कक्षा में पढ़ता है, ये पूछने की बजाय विकास बेटा कौन सी कक्षा में आ गया है, ये पूछना हर दृष्टि से श्रेयस्कर होगा। कुछ लोगों को जन्मसिद्ध अधिकार ही होता है दूसरों की पीड़ा को बढ़ा देना। वे ऐसे अवसरों की तलाश में रहते हैं जब वे किसी के जले पर नमक छिड़क सकें। ऐसा करके ही उन्हें आत्मिक संतोष मिलता है। एक युवक जब एमबीबीएस करके घर लौटा तो उसके एक रिश्तेदार ने पूछा कि भई इंजेक्शन तो ठीक से लगाना आ गया ना। अब डॉक्टर इस बात का क्या जवाब देता लेकिन पूछने वाले के मनोभावों और ईर्ष्यालु प्रवृत्ति का वहां उपस्थित सभी लोगों को पता चल गया। यदि कोई ये समझता है कि ऐसा करने से लोग उसकी योग्यता का लोहा मानने लगेंगे या उससे डरने लगेंगे तो ये अत्यंत भ्रामक धारणा है। ऐसे लोगों से लोग बात करना भी पसंद नहीं करते। जहां तक डरने की बात है लोग ऐसे लोगों से डरने के बजाय उनसे बचने के प्रयास में लगे रहते हैं। यदि सामने वाला भी कोई उस जैसा ही टकरा गया तो लेने के देने भी पड़ सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि बातचीत करते समय अथवा प्रश्न पूछते समय हम स्वयं को शिष्टाचार व व्यावहारिकता की मर्यादा में रखें।



## आज के कार्टून




## इष्ट की उपासना

श्रीराम शर्मा आचार्य/ दिन ढल रहा था। रात और दिन फिर से बिछुड़ जाने को कुछ क्षणों के लिए एक दूसरे में विलीन हो गए थे। रम्य वनस्थली में एक पर्णकुटी में से कुछ धुआं सा उठ रहा था। कुटीर में निवास करने वाले दो ऋषि-शनक और अभिप्रतारी अपना भोजन तैयार कर रहे थे। भोजन लगभग तैयार हो चुका था तभी बाहर किसी आगन्तुक के आने का शब्द हुआ। दोनों ने जानने का प्रयत्न किया। बाहर एक युवा ब्रह्मचारी खड़ा था। ऋषि ने प्रश्न किया- 'कहो वत्स! क्या चाहिए?' युवक विनम्र वाणी में बोला-'आज प्रातः से अभी तक मुझे कुछ भी प्राप्त नहीं हो सका है। यदि कुछ भोजन मिल जाता, तो बड़ी दया होती।' कुटीर निवासी कहने को वनवासी थे, हृदय उनका सामान्य गृहस्थों से भी कहीं अधिक संकीर्ण था। सो रूखे स्वर में कहा- 'भाई तुम किसी गृहस्थ का घर देखो। हम तो वनवासी हैं।' ब्रह्मचारी को बड़ी ही निराशा हुई। यद्यपि वह अभी ज्ञानार्जन कर ही रहा था-तथापि कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य का व्यावहारिक बोध था उसे। निराश इस बात से नहीं था वह कि उसे भोजन प्राप्त नहीं हो सका था। तब चुपचाप चले जाने की अपेक्षा उस युवक ने यही उचित समझा कि इन अज्ञान में डूबे ज्ञानियों को इनकी भूल का बोध करा ही देना चाहिए। उसने पुनः उनको पुकारा। झुंझलाते हुए शनक और अभिप्रतारी बाहर आए। तब युवक बोला-'क्या मैं यह जान सकता हूं कि आप किस देवता की उपासना करते हैं?' उन ऋषियों को तनिक क्रोध आ गया। झुंझलाहट में कहा-'तुम बड़े असभ्य मालूम होते हो। अस्तु! हमारा इष्टदेव वायु है, जिसे प्राण भी कहते हैं।' अब वह ब्रह्मचारी बोला- 'तब तो आप अवश्य ही यह जानते होंगे कि यह प्राण समस्त सृष्टि में व्यापक है। जड़-चेतन सभी में।' ऋषि बोले- 'क्यों नहीं! यह तो हम भली-भांति जानते हैं।' अब युवक ने प्रश्न किया- 'क्या मैं यह जान सकता हूं कि यह भोजन आपने किसके निमित्त तैयार किया है?' ऋषि अब बड़े गर्व से बोले- 'हमारा प्रत्येक कार्य अपने उपास्य को समर्पित होता है।' ब्रह्मचारी ने मन्द स्मिति के साथ कहा-'यदि प्राण तत्व इस समस्त संसार में व्याप्त है, तो वह मुझमें भी है। आप यह मानते हैं?' ऋषि को अब ऐसा बोध हो रहा था कि अनजाने ही वे इस युवा के समक्ष हारते चले जा रहे हैं। तली में जैसे छेद हो जाने पर नाव पल-पल अतल गहराई में डूबती ही जाती है युवक की वाणी में उनका अहं और अज्ञान वैसे ही धंसता चला जा रहा था।

## सू-दोकू नवताल -1995

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | | 3 | | 6 | | 1 |
| | 1 | | | | 4 | 3 | | |
| 2 | | | | 6 | | | 7 | |
| | 7 | | 2 | | 6 | | | |
| 5 | | 1 | | | | 8 | | 2 |
| | | | 5 | | 3 | | 4 | |
| | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| | | 6 | 1 | | | | 8 | |
| 8 | | 4 | | 9 | | 5 | 1 | 6 |

### सू-दोकू 1994 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 4 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 2 | 1 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 8 | 2 | 1 | 9 | 6 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 6 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 |
| 1 | 6 | 3 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 1 |
| 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 1 | 3 | 2 | 8 | 5 | 9 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 x 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

## फिल्म वर्ग पहेली-1995

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | | 4 | | 5 |
| 6 | 7 | | | 8 | | | | | |
| | | | 9 | | | 10 | | 11 | |
| 12 | | | | 13 | 14 | | | | |
| | | | 15 | | | | 16 | | 17 |
| 18 | | 19 | | | | | | | |
| | | | | 20 | | | | 21 | |
| 22 | | | 23 | | | | 24 | | |
| | | 25 | | 26 | | 27 | | | 28 |
| 29 | | | | 30 | | | 31 | | |

### बायें से दायें:-

2. संजीव कुमार, सुचित्रा सेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-2
3. 'इस दीवाने लड़के को' गीत वाली फिल्म-5
6. 'देखो जी देखो मेरा दिल धड़के' गीत वाली फिल्म-3
8. फिल्म 'हैलो ब्रदर' की नायिका-2
9. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की फिल्म-2
11. ऋषि कपूर, अश्विनी भावे, जेबा बख्तियार की फिल्म-2
12. धर्मेन्द्र, सनी, बॉबी, कैटरीना, शिल्पा शेट्टी अभिनीत फिल्म-3
13. फिल्म 'मि. इंडिया' की नायिका-3
16. फिल्म 'बंदिनी' में अशोक कुमार के साथ नायिका-3
18. बॉबी देओल, ट्विंकल की 'नहीं ये हो नहीं सकता' गीत वाली फिल्म-3
20. राजेश खन्ना, अमिताभ, शर्मिला की फिल्म-3
21. संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, एशा देओल, राइमा सेन की फिल्म-2
22. 'कोयल सी तेरी बोली' गीत वाली फिल्म-2
24. अमिताभ,अमृता सिंह की फिल्म-2
25. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला सिन्हा की फिल्म-3
27. अक्षय कुमार, रवीना टंडन की 'क्यूं आंचल हमारा गिरा जा रहा है' गीत वाली फिल्म-2
29. 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली अमिताभ, वहीदा, जीनत अमान, परवीन बाबी की फिल्म-3
30. राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला टैगोर की 'अब चाहे सर फूटे या माथा' गीत वाली फिल्म-2
31. 'मुझे दुनिया वालों शराबी ना समझो' गीत वाली दिलीप कुमार, वैजयंतीमाला की फिल्म-3

### ऊपर से नीचे:-

1. प्रशांत और ऐश्वर्या राय की फिल्म-2
2. अमिताभ, अक्षय कुमार, अर्जुन रामपाल, सुष्मिता अभिनीत फिल्म-2
3. फिल्म 'डकैत' में मीनाक्षी के साथ नायक-2
4. 'चांद सिफारिश जो करता हमारी' गीत वाली फिल्म-2
5. फिल्म 'गॉडमदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-3
7. राजकुमार, विनोद मेहरा, हेमा मालिनी, राखी अभिनीत फिल्म-2,3
8. फिल्म 'जी चाहता है' में जॉय मुखर्जी के साथ नायिका-3
10. संजीव कुमार, नूतन अभिनीत फिल्म-2
11. 'बहके बहके कदम हैं' गीतवाली फिल्म-3
14. फिल्म 'लव मैरिज' में माला सिन्हा के साथ नायक-2,3
15. सनी, सलमान, करिश्मा, अभिनीत फिल्म-2
16. फारुख शेख, पूनम ढिल्लों की फिल्म-2
17. फिल्म 'रात और दिन' की नायिका-3
18. अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, मीना कुमारी अभिनीत फिल्म-2,3
19. 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली जॉन, तारा शर्मा की फिल्म-2
21. राजेश खन्ना, हेमा,पूनमढिल्लो की फिल्म-2
23. विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-2
24. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की फिल्म-3
25. आमिर, मनीषा अभिनीत फिल्म-2
26. विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी, अमजद की फिल्म-2
28. श्रेयस तलपदे, आयशा टकिया, गुल पनाग की फिल्म-2

### फिल्म वर्ग पहेली- 1994

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | म | रा | ह | | मो | | झु | म | रू |
| प्त | | खी | | से | ह | रा | | हि | |
| | अ | | आ | | रा | ज | कु | मा | र |
| अ | प | ना | प | न | | | ली | | वि |
| | ने | | की | | ह | म | | वि | |
| चे | | ता | क | त | | म | हा | रा | जा |
| त | ब्बू | | स | | दा | ता | | स | |
| ना | | प्रे | म | रो | ग | | सौ | त | न |
| | धू | म | | श | | फि | दा | | ग |
| पा | प | | जा | न | | जा | | हे | मा |



## टाटा की बड़ी उपलब्धि- यूरोपीय कंपनी एयरबस की स्ट्रेटेजिक सप्लायर बनी टाटा टेक्नोलॉजीज

**नई दिल्ली।** देश के प्रतिष्ठित कोरोबारी टाटा समूह की कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज को एक अहम सफलता मिली है। उसे प्रमुख यूरोपीय कंपनी एयरबस ने स्ट्रेटेजिक सप्लायर के रूप में चुना है। टाटा टेक्नोलॉजीज ने एक बयान में कहा कि इसके साथ ही कंपनी एक इंजीनियरिंग, मैन्यूफैक्करिंग इंजीनियरिंग और सर्विस स्ट्रेटेजिक सप्लायर (ईएमईएस3) बन जाएगी। टाटा टेक्नोलॉजीज की तरफ से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है, 'एक व्यापक सात महीने लंबी बहुस्तरीय खरीद मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद यह फैसला किया गया। इस मूल्यांकन प्रक्रिया में इंजीनियरिंग, मैन्यूफैक्करिंग इंजीनियरिंग और कस्टमर सर्विस इंजीनियरिंग कार्यों से संबंधित एयरबस के सभी प्रभागों, सहायक कंपनियों और सहयोगियों को शामिल किया गया।' टाटा टेक्नोलॉजीज के प्रबंध निदेशक और सीईओ वारेन हैरिस ने कहा, 'हमें एयरबस द्वारा एक इंजीनियरिंग, मैन्यूफैक्करिंग इंजीनियरिंग और सेवा रणनीतिक आपूर्तिकर्ता (ईएमईएस-3) के रूप में चुने जाने की खुशी है। हम कई क्षेत्रों में उनके साथ सहयोग करने के लिए तत्पर हैं।' टाटा टेक्नोलॉजीज एक वैश्विक इंजीनियरिंग और प्रोडक्ट डेवलपमेंट डिजिटल सर्विस कंपनी है। यह ऑटोमोटिव, औद्योगिक मशीनरी और एयरोस्पेस वर्टिकल में मैन्यूफैक्करिंग करने वाले क्लाइंट्स को बेहतर उत्पादों का एहसास कराने और उनके व्यवसायों में दक्षता बढ़ाने के मिशन को पूरा करने में मदद करती है।

## वाहन स्क्रैपिंग इकाइयां स्थापित करने महिंद्रा समूह ने महाराष्ट्र सरकार से किया समझौता

**नई दिल्ली।** देश के मशहूर औद्योगिक समूह महिंद्रा ने सोमवार को बताया कि उसने महाराष्ट्र में कई वाहन स्क्रैपिंग इकाइयां स्थापित करने के लिए राज्य सरकार के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। महिंद्रा एमएसटीसी रीसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड, जो सीरो ब्रांड के तहत रीसाइक्लिंग संयंत्रों का संचालन करती है, के पास पहले ही पुणे में एक रीसाइक्लिंग संयंत्र है। कंपनी मुंबई, नागपुर, औरंगाबाद और नासिक में चार नए संयंत्र स्थापित करना चाहती है। समूह ने एक बयान में कहा कि इन संयंत्रों की सालाना क्षमता 40,000 वाहनों की होगी और ये सभी कानूनी और पर्यावरणीय मानदंडों के अनुसार यात्री और वाणिज्यिक वाहनों का पुनर्चक्रण कर सकेंगे। कंपनी के पास इस समय देश भर में 11 रीसाइक्लिंग संयंत्र हैं।

## नवंबर में घरेलू खुदरा बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी- आरएआई

**नई दिल्ली ।** खुदरा उद्योग संगठन आरएआई ने कहा कि घरेलू बाजार में नवंबर में खुदरा बिक्री महामारी से पहले के स्तर नवंबर 2019 के मुकाबले नौ प्रतिशत बढ़ गई, जो देश में सुधार का संकेत है। हालांकि आरएआई ने कहा कि ओमीक्रोन वेरिएंट के चलते महामारी की तीसरी लहर की आशंका चिंता की वजह है। भारतीय खुदरा संघ (आरएआई) ने अपने खुदरा व्यापार सर्वेक्षण में कहा कि पिछले महीने वृद्धि दर 2020 के इसी महीने की तुलना में 16 प्रतिशत थी। सर्वेक्षण के मुताबिक सभी क्षेत्रों में खुदरा व्यवसायों ने महामारी से पहले के स्तर के मुकाबले बिक्री में वृद्धि का संकेत दिया है। इस दौरान नवंबर 2019 की तुलना में पश्चिम भारत ने 11 प्रतिशत वृद्धि का संकेत दिया, जबकि यह आंकड़ा पूर्व और दक्षिण भारत में नौ प्रतिशत तथा उत्तर भारत में छह प्रतिशत रहा। आरएआई ने कहा` कि व्यापार में सुधार हो रहा है और हमें उम्मीद है कि यह रुख कायम रहेगा। हालांकि ओमीक्रोन के चलते तीसरी लहर की चिंताएं हैं, जिससे सतर्कता बरती जा रही है।

# एलआईसी का आईपीओ मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक आएगा



**नई दिल्ली (एजेंसी),**

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मेगा आईपीओ इस वित्त वर्ष के अंत तक आ जाएगा। केन्द्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग(डीआईपीएएम) के सचिव तुहिन कांता पांडे ने बताया कि इस आईपीओ को लाए जाने की योजना जारी है। उन्होंने ट्वीट कर बताया इस वित्त वर्ष में एलआईसी आईपीओ की व्यवहार्यता संबंधी मीडिया अटकलें सही नहीं हैं और यह दोहराया जाता है कि इस वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही तक आईपीओ को लाए जाने की योजना बनाई जा रही है। यह आईपीओ भारत में सबसे बड़ा होने की उम्मीद है और इससे सरकार को एक लाख करोड़ रुपए प्राप्त होने का अनुमान है। गौरतलब है कि केन्द्रीय बजट 2021-2022 में सरकार ने इस मेगा आईपीओ के लिए अनेक विधायी तथा कार्यकारी कदम उठाए हैं। एलआईसी एक वैधानिक निगम है जिसकी स्थापना एलआईसी कानून 1956 के तहत की गई थी और यह देश में जीवन बीमा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है जो पूरी तरह से केन्द्र सरकार के स्वामित्व में है। इसकी भारत के बाहर तीन शाखाएं हैं जो ब्रिटेन, फिजी और मॉरीशस में है। इसके अलावा सिंगापुर में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक इकाई, और बहरीन, केन्या, श्रीलंका, नेपाल, सऊदी अरब तथा बंगलादेश में संयुक्त उपक्रम हैं। भारत में इसकी सहायक कंपनियों में एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड और एलआईसी कार्ड सर्विसेज लिमिटेड हैं। इसके सहयोगियों में आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, एलआईसी म्युचुअल फंड और एलआईसी हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड शामिल हैं।

## रॉयल एनफील्ड ने 26,300 बाइक वापस मंगाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



ब्रेक पार्ट को ठीक करने के लिए मोटरसाइकिल विनिर्माता रॉयल एनफील्ड ने अपनी क्लासिक 350 मोटरसाइकिलों की 26,300 इकाइयों को वापस बुला रही है। कंपनी ने कहा कि उसकी तकनीकी टीम ने मोटरसाइकिल स्विंग आर्म से जुड़ा ब्रेक रिएक्शन ब्रैकेट में एक संभावित समस्या की खोज की है, जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से 2021 सिंगल-चैनल एबीएस और रियर ड्रम ब्रेक क्लासिक 350 मोटरसाइकिलों में किया जाता है। रॉयल एनफील्ड ने कहा कि इससे ब्रेकिंग क्षमता प्रभावित हो सकती है और ऐसे में ग्राहकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया।

## भारत के निर्यात में आ रही मजबूती: अधिकारी

**अहमदाबाद:** वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण वैश्विक व्यापार में गिरावट आई थी लेकिन भारत के निर्यात में पिछले साल दिसंबर के बाद तेजी आई और यह लगातार मजबूत हो रहा है। वह आगामी वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के तहत गुजरात सरकार द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव अमिताभ कुमार ने वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया और कुछ वस्तुओं के लिए शुल्क संरचना में बदलाव की जरूरत के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''महामारी के दौरान वैश्विक व्यापार काफी बाधित हुआ था। हालाकि, भारत के निर्यात में दिसंबर 2020 के बाद से एक बदलाव हुआ और उसके बाद इस मोर्चे पर बहुत अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला। हालाकि, व्यापार की पूरी क्षमता का उपयोग किया जाना बाकी है। हमें वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी को मौजूदा 1.6 प्रतिशत से बढ़ाने के लिए लगातार काम करना होगा। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान निर्यात 50.7 प्रतिशत बढ़कर 262.5 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले 2020-21 में इसी अवधि में यह 174.16 अरब डॉलर था।



# शेयर बाजार में भारी गिरावट से निवेशकों को 7 लाख करोड़ का नुकसान

## पांच साल में पहली बार दिसंबर का महीना निवेशकों के लिए रहा सबसे खराब



**मुंबई (एजेंसी)**

भारतीय शेयर बाजार में बीते पांच सालों में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला है। जिससे बाजार निवेशकों में भी इजाफा देखने को मिला है लेकिन 2016 के बाद पहली बार दिसंबर का महीना निवेशकों के लिए बड़ा नुकसान वाला रहा है। दिसंबर 2021 में अब तक निवेशकों को 7 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। जबकि सोमवार को यह नुकसान साढ़े 6 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का है। वहीं 10 दिसंबर के बाद से बाजार निवेशकों को करीब करीब 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ चुका है। जबकि 2017 से लेकर 2020 के बीच दिसंबर का महीना काफी अच्छा साबित हुआ है। आखिरी बार 2016 में निवेशकों को करीब एक लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। आंकड़ों के अनुसार 10 दिसंबर को बीएसई का मार्केट कैप 2,67,68,264.40 करोड़ रुपए था जो सोमवार को कम होकर 2,52,26,317.82 करोड़ रुपए पर आ गया है। इस दौरान बाजार निवेशकों को करीब 15 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। बाजार के इस रुख को देखकर लगता है कि नुकसान में और भी इजाफा देखने को मिल सकता है। दिसंबर 2021 में देखा जाए तो निवेशकों नुकसान नहीं हुआ है। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार एक दिसंबर को बीएसई का मार्केट कैप 2,59,28,403.81 करोड़ रुपए था, जो अब 2,52,26,317.82 करोड़ रुपए पर आ चुका है। इसका आशय निवेशकों को दिसंबर 2021 में अब तक करीब 7 लाख करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ चुका है। बाजार जानकारों की मानें तो निवेशकों को नुकसान ओमाइक्रोन के बढ़ते प्रभाव और निवेशकों में दोबारा से लॉकडाउन लगने के कारण के कारण हुआ है। गौरतलब है कि 2016 के बाद से बाजार निवेशकों को साल के आखिरी महीने में निवेशकों को सबसे बड़ा बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। 2016 में दिसंबर के महीने में निवेशकों को करीब एक लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। जबकि 2017 से लेकर 2020 तक दिसंबर का महीना निवेशकों के लिए काफी पॉजिटिव रहा। 2017 में निवेशकों को दिसंबर में 7,21,868.35 करोड़ रुपए, दिसंबर 2018 में 96,021.08 करोड़ रुपए, दिसंबर 2019 में 1,16,399.98 रुपए और दिसंबर 2020 में सबसे ज्यादा 11,80,647.06 करोड़ रुपए का फायदा हुआ था।

# गूगल ने भारत में न्यूजरूम लीडरशिप प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित किए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

टेक दिग्गज गूगल ने सोमवार को कोलंबिया यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ जर्नलिज्म के सहयोग से अपना पहला भारत केंद्रित न्यूजरूम लीडरशिप प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। टेक दिग्गज ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि इस संस्करण में वस्तुतः आयोजित होने वाले छह महीने के लंबे कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में काम करने वाले और रहने वाले न्यूज रूम के नेताओं के नेतृत्व कौशल और तुरंत निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाना है। यह विशेष रूप से लागू प्रौद्योगिकी, दर्शकों की समझ, डिजाइन सोच, डेटा अनुप्रयोगों, उभरते व्यापार मॉडल और संपादकीय नवाचार पर ध्यान केंद्रित करेगा। गूगल न्यूज इनिशिएटिव इंडिया ट्रेनिंग नेटवर्क की कार्यक्रम निदेशक सुरभि मलिक ने ब्लॉगपोस्ट में कहा, हम समाचार उद्योग के साथ मिलकर काम करने और भारत में आधिकारिक, उच्च गुणवत्ता वाली पत्रकारिता का समर्थन जारी रखने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को अपने न्यूज रूम और दर्शकों के लिए बेहतर रणनीतिक निर्णय लेने के लिए कौशल और ज्ञान प्राप्त होगा। अगस्त 2019 में पहली बार शुरू किए गए एशिया पैसिफिक-वाइड कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारों को डिजिटल टूल सीखने में मदद करना है जो महान कहानी कहने को और भी बेहतर बना सकते हैं। वो सामाजिक रूप से जागरूक रिपोर्टिंग और राजनीतिक मतदान के नए तरीकों की जांच करने के साथ-साथ नई सदस्यता और राजस्व मॉडल की खोज कर सकते हैं। समाचार, अपने देशों में पत्रकारिता के भविष्य को मजबूत करने में मदद करते हैं। भारत में समाचार संगठनों में संपादकीय पदों पर पूर्णकालिक रूप से काम कर रहे मध्य-कैरियर न्यूजरूम नेताओं-सफल आवेदकों के लिए कार्यक्रम निः शुल्क है। कार्यक्रम के लिए आवेदन विंडो, अप्रैल से अगस्त तक, 15 फरवरी 2022 को बंद हो जाएगी।

## सोना 142 रुपये फिसला, चांदी में 615 रुपये की गिरावट

**नयी दिल्ली,**

रुपये की विनिमय दर में सुधार के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 142 रुपये की गिरावट के साथ 47,480 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 47,622 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 615 रुपये की गिरावट के साथ 60,280 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 60,895 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''रुपये के मूल्य में सुधार आने के दबाव में दिल्ली में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत में 142 रुपये की गिरावट आई।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना मामूली लाभ के साथ 1,799 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 22.30 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रही। पटेल ने कहा, ''न्यूयॉर्क स्थिति जिंस एक्सचेंज, कॉमेक्स में सोमवार को सोने में भाव में मजबूती रही और 1,799 डॉलर प्रति औंस के भाव पर पर रहा।''

# एलन मस्क बनाएंगे इतिहास, ₹85 हजार करोड़ टैक्स चुकाने वाले होंगे अमेरिका के पहले शख्स



**(एजेंसी)**

दुनिया के सबसे अमीर शख्स और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क लगातार सुर्खियों में बने रहते हैं। इस बार वो टैक्स देने की वजह से चर्चा में हैं। एलन मस्क ने ट्विटर पर कहा है कि वे इस साल करीब करीब 11 बिलियन डॉलर (करीब 85 हजार करोड़ रुपए) टैक्स चुकाएंगे। अगर ऐसा होता है तो यह अमेरिका के इतिहास में पहली बार होगा, जब कोई इतनी बड़ी रकम टैक्स के रूप में चुकाएगा।

**अमेरिकी की रेवेन्यू सर्विस को मिलेगा सबसे ज्यादा टैक्स**

मस्क ने कहा कि वो इस साल अमेरिका के इतिहास में सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले शख्स बनेंगे। उन्होंने ट्विटर पर वारेन को जवाब देते हुए लिखा- अगर आपने 2 सैकेंड के लिए अपनी आंखें खोली, तो आपको एहसास होगा कि मैं इस साल इतिहास में किसी भी अमेरिकी से ज्यादा टैक्स चुकाऊंगा।

**कितना टैक्स देंगे एलन मस्क?**

अगर हिसाब लगाया जाए तो 85 हजार करोड़ रुपए उनकी कमाई का एक छोटा सा हिस्सा है। एलन मस्क नेटवर्थ के मामले में इस वक्त दुनिया में सबसे आगे चल रहे हैं। 255 बिलियन डॉलर के साथ वो टॉप पर है। इस साल इन आंकड़ों में 55 बिलियन का इजाफा हुआ है।

**मस्क और वॉरेन में छिड़ी जुबानी जंग**

अमेरिका की प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन ने पिछले हफ्ते मस्क को इस साल का 'पर्सन ऑफ द ईयर' घोषित किया। उनकी ये उपलब्धि अमेरिका की सीनेटर एलिजाबेथ वॉरेन को रास नहीं आई। उन्होंने ट्विटर पर एलन मस्क पर टैक्स चोरी का आरोप लगा दिया। वॉरेन ने कहा कि उन्हें पर्सन ऑफ द ईयर के बदले टैक्स में धांधली करने वाला शख्स कहना चाहिए। इसके बाद तो वॉरेन और एलन मस्क के बीच जुबानी जंग छिड़ गई।

## बोरों के कम उत्पादन से जूट क्षेत्र को 1,500 करोड़ का नुकसान

**कोलकाता (एजेंसी)।**

खाद्यान्न के भंडारण के लिए जूट से बनी बोरियों का जरूरी मात्रा में उत्पादन नहीं हो होने से जूट क्षेत्र को करीब 1,500 करोड़ रुपए का अनुमानित नुकसान हुआ है। जूट के प्रमुख उत्पादक राज्य पश्चिम बंगाल की सरकार और केंद्र के समर्थन के बावजूद जूट से बनी बोरियों की 4.81 लाख गांठें कम पड़ गईं। ऐसी स्थिति में भंडारण निकायों को प्लास्टिक बोरियों का भी इस्तेमाल करना पड़ गया। अनाज के भंडारण में मुख्यतः जूट से बने बोरों का ही इस्तेमाल होता है। जूट उद्योग के मुताबिक नवंबर और दिसंबर में जूट मिलें अनाज भंडारण में इस्तेमाल होने वाले जूट बोरों की आपूर्ति ठीक तरह से नहीं कर पाईं। यह कमी बोरों की 4.8 लाख गांठों की रही।` इससे जूट क्षेत्र को 1,500 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। केंद्र की मोदी सरकार ने नवंबर में जूट सत्र 2021-22 में पैकेजिंग के लिए जूट से बने बोरों के इस्तेमाल को अनिवार्य करने वाले मानकों को मंजूरी दी थी। इन मानकों के मुताबिक सारे खाद्यान्नों की पैकिंग जूट के बोरों में की जाएगी जबकि चीनी की 20 फीसदी पैकिंग इन बोरों में करना अनिवार्य होगा। हालांकि तदर्थ सलाहकार समिति ने जूट के बोरों में खाद्यान्न के भंडारण संबंधी मानक को ढीला करने का सुझाव दिया था। एक जूट मिल के मालिक ने कहा कि कच्चे जूट का बाजार भाव 7,200 रुपए प्रति क्विंटल है जबकि जूट



आयुक्त ने मिलों के लिए कच्चे माल के तौर पर जूट का भाव 6,500 रुपए प्रति क्विंटल तय किया हुआ है। इस कीमत अंतराल से मिलें जरूरी बोरों का उत्पादन नहीं कर सकीं।

# 83 प्रतिशत लोग अगले एक साल में खरीदना चाहते हैं वाहन: सर्वेक्षण

### *सर्वेक्षण में देश भर के करीब 2.7 लाख संभावित उपभोक्ताओं से राय ली गई*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

वाहनों की बिक्री में गिरावट का सामना कर रहे भारतीय ऑटो उद्योग को इस अनुमान से राहत मिल सकती है कि अधिकतर ग्राहक अगले 12 महीनों में वाहन खरीदने का मन बना रहे हैं। एक सर्वेक्षण में यह निष्कर्ष सामने आया है कि करीब 83 प्रतिशत लोगों का अगले एक साल में कोई-न-कोई वाहन खरीदने का मन है। इसके अलावा 13 प्रतिशत लोगों का कहना है कि वे वाहन खरीद सकते हैं और सिर्फ चार प्रतिशत लोगों ऐसा कोई इरादा नहीं है। इस सर्वेक्षण में देश भर के करीब 2.7 लाख संभावित उपभोक्ताओं से राय ली गई। इसके मुताबिक वाहन खरीद की पक्की सोच उपभोक्ताओं के कुल खर्च व्यवहार में आए स्वस्थ सुधार को दर्शाती है। सर्वेक्षण के मुताबिक अधिकतर लोग नए वाहनों की खरीदने को प्राथमिकता दे रहे हैं लेकिन पुराने वाहनों के प्रति भी लोगों का झुकाव बढ़ रहा है। करीब 52 प्रतिशत प्रतिभागियों ने अगले 12 महीनों में एक नई कार खरीदने की मंशा जताई तो 33 प्रतिशत लोग नया स्कूटर या मोटरसाइकिल खरीदने की सोच रख रहे हैं। वहीं 13 प्रतिशत लोग



पुरानी कार खरीदने के बारे में सोच रहे हैं और पुराना स्कूटर या मोटरसाइकिल खरीदने का मन बना रहे लोगों का अनुपात सिर्फ तीन प्रतिशत है। सर्वेक्षण के मुताबिक नए वाहन की तुलना में पुराने वाहन का कीमत के हिसाब से अधिक मूल्यवान होने और सस्ता पड़ने से लोग पुराने वाहनों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। हाल के समय में डीलर भी पुराने वाहनों पर न सिर्फ वारंटी की पेशकश कर रहे हैं बल्कि आकर्षक सौदे भी दे रहे हैं। ऐसे में ग्राहकों को लगता है कि वे समान कीमत पर कहीं ऊंची श्रेणी का वाहन ले सकते हैं। जहां तक वाहनों के लिए निर्धारित बजट का सवाल है तो 49 प्रतिशत लोगों ने महामारी से पहले का बजट ही बनाए रखा है तो 14 प्रतिशत प्रतिभागियों ने बजट 20 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। सर्वेक्षण से यह तथ्य भी सामने आया है कि अब भी तीन-चौथाई लोग वाहनों के डीलर से सीधी खरीद करना पसंद करते हैं लेकिन 22 प्रतिशत लोग कुछ समय के लिए लीज पर भी लेने को तैयार हैं।

# इंडिगो मालढुलाई के कारोबार विस्तार को लेकर गंभीर: सीसीओ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो का पहला मालवाहक विमान ए321सीईओ वर्ष 2022 की पहली छमाही में निर्धारित समय पर आने वाला है। इंडिगो के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी (सीसीओ) विलियम बाउल्टर ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मालवाहक विमान के आने से सबको पता चलेगा कि एयरलाइन मालढुलाई के अपने कारोबार विस्तार को लेकर गंभीर है। इंडिगो ने` पिछले 21 अप्रैल को चार ए321सीईओ मालवाहक विमानों को किराए पर लेने की योजना के बारे में बताया था। इस श्रेणी के हरेक विमान में 27 टन माल ले जाने की क्षमता है। उन्होंने कहा` कि पहला मालवाहक विमान अभी सिंगापुर टेक्नोलॉजिज इंजीनियरिंग लिमिटेड के पास गया है क्योंकि उसे यात्री विमान से मालवाहक विमान में तब्दील किया जा रहा है। यह अगले साल की पहली छमाही में कभी भी हमें मिल जाएगा। बाउल्टर ने कहा कि वह भारत और चीन के बीच मालवाहक उड़ानों के लिए असीम संभावनाएं देखते हैं। जाहिर तौर पर अब महामारी के बाद चीन के साथ यात्री यातायात के लिए सीमाएं बंद हैं लेकिन सामान लाने-ले जाने के बाजार में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इंडिगो अभी अपना फ्रीक्वेंट फ्लायर प्रोग्राम शुरू करने पर विचार नहीं कर रही है और वह पूरी तरह से बैंकों के साथ दो या उससे अधिक ब्रांड नामों के साथ चलाई जा रही व्यवस्थाओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है। अभी इंडिगो एयरलाइन भारत के 71 शहरों में अपनी सेवाओं का संचालन कर रही है और प्रत्येक जगह सामान लाने-ले जाने की सुविधा है।

# एशेज टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 275 रन से हराया, सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई

**एडीलेड। (एजेंसी)।**

ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को इंग्लैंड को 275 रनों से हराकर पांच टेस्ट मैचों की एशेज श्रृंखला में 2-0 की बढ़त ले ली और सुनिश्चित किया कि सदियों पुराना कलश नीचे रहेगा। जीत के लिए 468 रनों का सेट, एडिलेड ओवल में दिन-रात्रि टेस्ट में खेल के अंतिम दिन 21 ओवर शेष रहते इंग्लैंड को 192 रन पर आउट कर दिया गया। जोस बटलर (26) ने इंग्लैंड के लिए 207 गेंदों का सामना किया और फिर हार के कारण हिट-विकेट पर आउट हो गए।

**एशेज सीरीज में आस्ट्रेलिया की दूसरी जीत**

आस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट मैचों की एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 275 रन से हराकर 2 . 0 की बढत बना ली। जीत के लिये 468 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम पांचवें और आखिरी दिन सोमवार को




192 रन पर आउट हो गई।

**आस्ट्रेलिया बरकरार रखेंगी इतिहास**

जोस बटलर ने 207 गेंद में 26 रन बनाये और वह हिट विकेट आउट हो गए। अभी तक 2.0 से पिछड़ने के बाद एशेज श्रृंखला में एकमात्र टीम वापसी करके जीत दर्ज कर सकी है जो 1936 . 37 में डॉन ब्रैडमैन की आस्ट्रेलियाई टीम थी। आस्ट्रेलिया को गत विजेता होने के कारण एशेज बरकरार रखने के लिये अगला मैच बस ड्रॉ करना है।

**आस्ट्रेलिया ने पहला मैच नौ विकेट से जीता था**

आस्ट्रेलिया ने पहला मैच ब्रिसबेन में नौ विकेट से जीता था। यहां मिली जीत दिन रात के टेस्ट में उसकी लगातार नौवीं जीत है जिसमें तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन ने पांच विकेट लिये। इस बीच आस्ट्रेलिया ने बाकी तीन टेस्ट के लिये टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। बाजू में खिंचाव के कारण बाहर रहे जोश हेजलवुड और कोरोना संक्रमित के करीबी संपर्क में आने के कारण दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके कप्तान पैट कमिंस गुरूवार को टीम से जुड़ेंगे। हेजलवुड को 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले अपनी फिटनेस साबित करनी होगी। चौथा टेस्ट सिडनी में और पांचवां होबर्ट में जनवरी में खेला जायेगा।

# राफेल नडाल आए कोरोनावायरस की चपेट में, ऑस्ट्रेलियन ओपन पर खतरे के बादल



**मैड्रिड (एजेंसी)।**

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ियों में से एक स्पेन के राफेल नडाल कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं।स्टार खिलाड़ी ने सोमवार को ट्वीट के जरिए खुद इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा, 'मैं यह घोषणा करना चाहता हूं कि अबू धाबी टूर्नामेंट के दौरान चोट लगने के बाद स्पेन पहुंचने पर किए गए कोरोना टेस्ट में मैं पॉजिटिव पाया गया हूं। यह मेरे लिए अप्रिय क्षण हैं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि मैं धीरे-धीरे सुधार करूंगा। मैं अब घर पर क्वारंटीन में हूं। मैंने उन लोगों को अपने कोरोना पॉजिटिव आने की सूचना दे दी है जो मेरे संपर्क में रहे हैं।'

उनके कोरोना संक्रमित होने पर ऑस्ट्रेलियन ओपन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। पहले ही कई मशहूर टेनिस खिलाड़ियों ने अपना नाम इस टूर्नामेंट से वापस ले लिया था।

**रोजर फेडरर वापस ले चुके हैं नाम**

नडाल के चिरप्रतिद्वंदी नवंबर माह में ही यह साफ कर चुके थे कि वह ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं होंगे। स्विस मीडिया द्वारा छापे गये एक साक्षात्कार में महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने कहा था कि उन्हें घुटने की सर्जरी के कारण अगले साल जून में विंबलडन तक वापसी की उम्मीद नहीं है। फेडरर (40 वर्ष) ने 'ट्रिब्यून डि जिनीवे' दैनिक से कहा, 'सच्चाई यही है कि विंबलडन में खेला तो यह बहुत ही हैरानी की बात होगी। फेडरर ने कहा था कि ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनके खेलने का कोई सवाल ही नहीं था जो जनवरी में सत्र का शुरुआती ग्रैंड स्लैम है। फेडरर ने कहा था, 'इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है। हम आपरेशन से पहले ही जानते थे कि इस तरह की सर्जरी के लिये हमें महीनों लंबे ब्रेक की जरूरत होगी।'

**नोवाक जोकोविच ही बड़े खिलाड़ी जो खेल सकते हैं ऑस्ट्रेलियन ओपन**

नोवाक जोकोविच पुरुषों की प्रवेश सूची में नंबर एक खिलाड़ी के रूप में सूचीबद्ध हैं जिससे संकेत मिलते हैं कि वह सभी खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिये कोविड-19 के पूर्ण टीकाकरण के आस्ट्रेलिया के कड़े नियमों के बावजूद

ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट में खेलेंगे। जोकोविच ने हाल के महीनों में टीकाकरण की अपनी स्थिति पर टिप्पणी नहीं की थी हालांकि उन्हें एक जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले एटीपी कप के लिये सर्बिया की टीम में शामिल किया गया है।

**सेरेना विलियम्स समेत कई महिला खिलाड़ी भी नहीं खेलेंगी ऑस्ट्रेलियन ओपन**

आस्ट्रेलियाई ओपन की प्रविष्टियों में सेरेना विलियम्स का नाम गायब होने के बाद उन्होंने खुद इस बात पुष्टि कर दी है कि वह साल का पहला ग्रैंडस्लैम नहीं खेलेंगी।उन्होंने 23वां ग्रैंडस्लैम 2017 में आस्ट्रेलिया ओपन के रूप में ही जीता था।

इसके अलावा दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी कैरोलिना प्लिसकोवा ने हाथ में चोट के कारण अगले महीने होने वाले आस्ट्रेलियाई ओपन और दो अभ्यास टूर्नामेंटों से नाम वापिस ले लिया है।प्लिसकोवा ने सोशल मीडिया पर लिखा था ,'' अभ्यास के दौरान मेरे दाहिने हाथ में चोट लग गई। अब एडीलेड, सिडनी और आस्ट्रेलियाई ओपन नहीं खेल सकूंगी।'' अमेरिका की दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी जेनीफेर ब्रेडी भी चोट के कारण अगले महीने होने वाले आस्ट्रेलियाई ओपनसे हट गई है। इसस पहले कनाडा की बियांका आंद्रेस्कू ने भी अपना नाम इस टूर्नामेंट से वापस ले लिया था।

# पहले टेस्ट में रहाणे पर गिर सकती है गाज, जगह ले सकता है यह बल्लेबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती मैच में यह देखना दिलचस्प होगा कि कप्तान विराट कोहली हरफनमौला शारदुल ठाकुर सहित पांच तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरेंगे या उछाल भरी पिचों को देखते हुए अजिंक्य रहाणे के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज को मौका दिया जायेगा।

बल्लेबाजी के विकल्प के लिए हनुमा विहारी भी मजबूत दावेदार होंगे, जो भारत की ए टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका का हाल ही में दौरा कर चुके हैं।सूत्रों की मानें तो विहारी को बुरे फॉर्म से जूझ रहे अजिंक्य रहाणे की जगह भी मौका देने के बारे में कोच और कप्तान गंभीरता से विचार कर रहे हैं। भारतीय टीम पिछले तीन दिनों से सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में अभ्यास कर रही है और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने मेहमानों को मैदान के मुख्य स्टेडियम पर अभ्यास करने का मौका दिया है। एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में टेस्ट मैच से पहले मुख्य विकेट पर अभ्यास का मौका मुश्किल से ही मिलता है।

बीसीसीआई डॉट टीवी द्वारा पोस्ट किए गए एक संक्षिप्त वीडियो में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मुख्य पिच पर अभ्यास से होने वाले फायदे का जिक्र किया था जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने घसियाली पिच पर अभ्यास के बारे में बात की थी। रणनीतिक तौर पर कोहली को आक्रामक कप्तान माना जाता है और वह पांच गेंदबाजों के साथ टेस्ट मैचों में उतरना पसंद करते है। वामहस्त रविन्द्र जडेजा सातवें क्रम में बल्लेबाजी का शानदार विकल्प देते हैं लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में शारदुल यह जिम्मेदारी उठा सकते हैं। चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष एमएसके प्रसाद ने कहा, ''मुझे लगता है कि अगर टीम पांच गेंदबाजों के साथ उतरेगी तो शारदुल सबसे अच्छा विकल्प है क्योंकि वह सातवें क्रम पर बल्लेबाजी का विकल्प भी देते हैं और हमारे पास रविचंद्रन अश्विन भी हैं।'

उन्होंने कहा, '' टीम में चार गेंदबाजों की जगह लगभग तय है जिसमें जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अश्विन और मोहम्मद सिराज का नाम आता है। मुझे नहीं लगता कि मौजूदा



लय को देखते हुए में इशांत को सिराज की जगह तरजीह मिलेगी। '' सेंचुरियन एक ऐसी जगह है जो समुद्र तल से 1300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यहां गेंदबाज जल्दी थक सकते हैं और चार गेंदबाजों के मामले में उनके थकने की संभावना अधिक होगी।एक अतिरिक्त बल्लेबाज के मामले में विहारी के मुकाबले अनुभवी रहाणे की दावेदारी अधिक मजबूत होगी।

# ओमीक्रोन के कारण दर्शकों के बिना हो सकता है भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका का बॉक्सिंग डे टेस्ट

**जोहानिसबर्ग (एजेंसी)।**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 26 दिसंबर से शुरू हो रहा पहला टेस्ट दर्शकों के बिना खेला जायेगा क्योंकि कोरोना वायरस के ओमीक्रोन वैरिएंट के प्रसार के कारण मेजबान क्रिकेट बोर्ड टिकट नहीं बेच रहा है।

अफ्रीकी भाषा के साप्ताहिक अखबार 'रेपोर्ट 'के हवाले से 'न्यूज24' वेबसाइट ने कहा कि कोरोना पाबंदियों के चलते सरकार ने 2000 प्रशंसकों को ही प्रवेश की अनुमति दी है जिसके कारण कुछ खास लोग ही स्टेडियम में मैच देख सकेंगे।अभी तक तीन जनवरी से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट के टिकटों की बिक्री भी नहीं हो रही है। स्टेडियम के ट्विटर अकाउंट पर कहा गया ,'' भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले दूसरे टेस्ट के टिकटों की बिक्री को लेकर कोई घोषणा नहीं की गई है। अभी स्पष्ट नहीं है कि दर्शकों को प्रवेश दिया जायेगा या नहीं। समय आने पर घोषणा की जायेगी।'' दक्षिण अफ्रीका में पिछले कुछ समय से कोरोना संक्रमण के मामले बढे हैं। इसके चलते घरेलू टूर्नामेंट चार दिवसीय फ्रेंचाइजी सीरिज के बाकी मैच स्थगित कर दिये गए।भारतीय टीम 16 दिसंबर को यहां पहुंचने के बाद से रिसॉर्ट में रूकी है जो पूरा उसके लिये बुक है। दक्षिण अफ़्रीका और भारत के बीच होने वाली ये सीरीज़ बायो-बबल के अंदर खेली जाएगी, हालांकि क्रिकेट साउथ अफ़्रीका (सीएसए) ने प्रोटोकॉल में कुछ ढील देने का फ़ैसला किया था, लेकिन साउथ अफ़्रीका में इस समय कोविड का नया वैरिएंट सक्रिय है जिस वजह से सीरीज़ को बायो-बबल में कराए जाने का निर्णय लिया गया है। भारत और दक्षिण अफ़्रीका के बीच होने वाली आगामी सीरीज़ में अगर कोई व्यक्ति कोरोना पॉजटिव पाया जाता है तो लक्षण गंभीर नहीं होने तक उसे बायो-बबल से बाहर ना जाते हुए अपने कमरे में ही क्वारंटीन रहना होगा।

# पांच वनडे और पांच टी20 मैचों के लिये पाकिस्तान लौटेगी न्यूजीलैंड टीम, पीसीबी ने दी जानकारी

**इस्लमाबाद।** इस साल दौरा रद्द करने वाली न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अप्रैल 2023 में सीमित ओवरों के दस मैचों के लिये पाकिस्तान लौटेगी। न्यूजीलैंड ने इस साल रावलपिंडी में पहले वनडे के लिये टॉस होने से ठीक पहले सुरक्षा कारणों से सीमित ओवरों का दौरा रद्द कर दिया था। इसके बाद टी20 विश्व कप से ठीक पहले इंग्लैंड ने भी संक्षिप्त दौरा रद्द कर दिया। अप्रैल 2023 में न्यूजीलैंड के पाकिस्तान दौरे पर पांच वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगी। तारीखों और वेन्यू को लेकर अभी फैसला नहीं लिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि न्यूजीलैंड टीम दिसंबर 2022 में पाकिस्तान दौरा करके दो टेस्ट खेलेगी जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे। पीसीबी ने कहा कि पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा और न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रमुख मार्टिन स्नीडन के बीच बातचीत में इस कार्यक्रम को मंजूरी दी गई। राजा ने कहा ,'' मैं बातचीत के नतीजे से खुश हूं। मैं मार्टिन स्नीडन और बोर्ड को सहयोग के लिये धन्यवाद देता हूं।'' पाकिस्तान अब मार्च 2022 से अप्रैल 2023 के बीच आस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज , इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की आठ टेस्ट, 14 वनडे और 13 टी20 के लिये मेजबानी करेगा।




# दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतने का सुनहरा अवसर दे सकते हैं भारतीय तेज गेंदबाज

**जोहानसबर्ग (एजेंसी)।**

भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा बेशक फॉर्म में नहीं चल रहे हैं लेकिन उन्हें भरोसा है कि इस बार भारत के पास दक्षिण अफ़्रीका में टेस्ट सीरीज़ जीतने का सुनहरा मौक़ा है। इसके लिए उन्हें अपने तेज़ गेंदबाज़ों से सबसे ज़्यादा उम्मीदें हैं। वह मानते हैं कि भारतीय तेज़ गेंदबाज़ प्रत्येक टेस्ट में 20 विकेट लेने के क़ाबिल हैं।




अपने चौथे दक्षिण अफ्रीका दौरे पर पहुंचे पुजारा ने कहा, ÷दोनों ही टीमों के बीच जो बड़ा अंतर है, वे हमारे तेज़ गेंदबाज़ ही हैं। अगर आप ऑस्ट्रेलिया या फिर इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट सीरीज़ पर नज़र डालें तो आप महसूस करेंगे कि हम एक गेंदबाज़ी यूनिट के तौर पर काफ़ी शानदार थे। मुझे पूरा भरोसा है कि दक्षिण अफ़्रीका में भी यही तस्वीर नज़र आएगी। तेज़ गेंदबाज़ ही हमारी ताक़त हैं, मुझे विश्वास है कि इन कंडीशंस का भरपूर फ़ायदा उठाते हुए हर टेस्ट में तेज़ गेंदबाज़ 20 विकेट ले सकते हैं।' चोट की वजह से रोहित शर्मा टेस्ट सीरीज़ से बाहर हैं, लिहाज़ा उनकी जगह केएल राहुल के कंधों पर उप-कप्तानी की ज़िम्मेदारी होगी। रोहित को इससे पहले अजिंक्या रहाणे की जगह भारतीय टेस्ट टीम का उप-कप्तान बनाया गया था। इस समय रोहित बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में चोट से उबर रहे हैं। पुजारा ने इसके अलावा कहा कि भारत के लिए एक अच्छी बात यह है कि ज़्यादातर खिलाड़ियों ने हाल ही में लाल गेंद से क्रिकेट खेली है, जो भारत के पक्ष में जा सकती है। नवंबर-दिसंबर में भारत ने न्यूज़ीलैंड की दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ के लिए मेज़बानी की थी, जबकि हनुमा विहारी और बैक-अप ओपनर प्रियांक पांचाल भारत ए की ओर से दक्षिण अफ़्रीका दौरे पर प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे थे। दूसरी तरफ़ मेज़बान दक्षिण अफ़्रीका ने आख़िरी बार जून में टेस्ट मैच खेला था।

# 6 गोलों की जीत के बाद भारतीय टीम का एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी सेमीफाइनल में फिर होगा जापान से मुकाबला



**ढाका।** धीमी शुरूआत के बाद शानदार वापसी करने वाली गत चैम्पियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी पुरूष हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मंगलवार को एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जापान से खेलेगी तो उसका पलड़ा भारी होगा। पिछले राउंड रॉबिन मैच में जापान को 6-0 से हराने के बाद भारत के हौसले बुलंद हैं। अब उसकी नजरें एक और धमाकेदार जीत पर लगी होंगी।भारत को हालांकि आत्ममुग्धता से बचना होगा वरना उसकी सारी मेहनत पर पानी फिर जायेगा। पांच देशों के टूर्नामेंट के राउंड रॉबिन चरण में भारत के दस अंक है जबकि कोरिया छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। जापान और पाकिस्तान के पांच पांच अंक है और मेजबान बांग्लादेश ने खाता नहीं खोला है। तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रहे भारत को दक्षिण कोरिया ने 2-2 से ड्रॉ पर रोका। इसके बाद भारत ने बांग्लादेश को 9-0 से और पाकिस्तान को 3-1 से हराया । इसके बाद जापान को मात दी। उपकप्तान हरमनप्रीत सिंह ने जापान के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल किये थे और जापान के लिये भी वह कड़ी चुनौती साबित होंगे ।मिडफील्ड में मनप्रीत और हार्दिक सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया है। दिलप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, आकाशदीप सिंह और शमशेर सिंह ने भी कुछ अच्छे फील्ड गोल किये हैं। भारत ने लीग मैच में जापान को हर विभाग में बौना साबित कर दिया और सेमीफाइनल में भी वह इस प्रदर्शन को दोहराना चाहेगा। युवा गोलकीपर सूरज करकेरा ने अभी तक जबर्दस्त प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत सिंह के साथ डिफेंडरों ने जापान के खिलाफ पांच पेनल्टी कॉर्नर बचाये । भारत को इतने पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा। मामूली सी चूक उन्हें लगातार दूसरा एसीटी खिताब जीतने से वंचित कर सकती हैं।इस बीच दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना कोरिया से होगा।

# श्रीकांत ने विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में ऐतिहासिक रजत जीता

**हुएलवा (स्पेन) (एजेंसी)।**

किदांबी श्रीकांत का बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार सफर रविवार को यहां सिंगापुर के लोह कीन यू से पुरुष एकल के फाइनल में सीधे गेम में हारने के बाद रजत पदक के साथ समाप्त हुआ।

विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत 43 मिनट तक मुकाबले को 15-21, 20-22 से हार गए। श्रीकांत ने इस तरह महान प्रकाश पादुकोण (1983 में कांस्य), बी साई प्रणीत (2019 में कांस्य) और लक्ष्य सेन (मौजूदा सत्र में कांस्य) के रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया। इस 28 साल के खिलाड़ी ने शनिवार को लक्ष्य को सेमीफाइनल में हराया था।

विश्व चैम्पियनशिप में रजत ने श्रीकांत को पी वी सिंधू और साइना नेहवाल की श्रेणी में पहुंचा दिया, जो अतीत में उपविजेता रही थीं। सिंधू ने 2019 में स्वर्ण जीतने के अलावा इस टूर्नामेंट में दो रजत और दो कांस्य जीते हैं, जबकि साइना ने 2015 जकार्ता में रजत और 2017 ग्लासगो में कांस्य पदक जीता था।

यह भी पहली बार है कि भारत ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुष एकल में दो पदक जीते हैं। फाइनल में हार के बावजूद, यह श्रीकांत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो 2017 में चार सुपर सीरीज खिताब जीतने के बाद फ्रेंच ओपन फाइनल के दौरान अपने घुटने में चोट लगने के बाद से फिटनेस और लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे थे।

इंडिया ओपन (2019) के बाद से अपना पहला फाइनल खेलते हुए, 12वीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने शुरुआत में ही लोह को कड़ी टक्कर दी और उन पर दबाव बनाया। विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने पहले गेम में 9-3 की बड़ी बढ़त हासिल कर ली लेकिन सिंगापुर के खिलाड़ी ने उनकी बढ़त को घटा कर 11-11 कर दिया।

विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज इस खिलाड़ी ने इसके बाद अपनी बढ़त को 17-13 किया और फिर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में दोनों के बीच काफी करीबी मुकाबला हुआ। स्कोर एक समय 4-4 की बराबरी पर था लेकिन श्रीकांत ने शानदार खेल के दम पर इसे 7-4 कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने एक बार फिर से असहज गलतियां की जिससे स्कोर 9-9 और फिर लोह के पक्ष में 11-9 हो गया। श्रीकांत ने शानदार बैकहैंड फ्लिक लगाने के बाद म मैच की सबसे लंबी रैली अपने नाम कर 16-14 की बढ़त हासिल की।

उन्होंने इस बढ़त को 18-16 किया लेकिन लोह ने उनके शरीर पर शानदार




स्मैश लगाया जिसके बाद भारतीय खिलाड़ी 18-19 से पिछड़ गया। इसके बाद एक और तेज-तर्रार रैली में लोह श्रीकांत पर भारी पड़े जिससे उन्हें दो मैच प्वाइंट मिल गया। श्रीकांत ने नेट पर शानदार खेल के दम पर दोनों मैच प्वाइंट का बचाव किया लेकिन लोह ने शटल को बैकलाइन के पास मार कर मैच अपने नाम कर लिया। लोह इस प्रकार विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले अपने देश के पहले खिलाड़ी बन गये। लोह ओलंपिक के बाद से शानदार लय में है। उन्होंने इस दौरान डच ओपन, हायलो ओपन में जीत दर्ज की जबकि इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 में उपविजेता रहे।



# मेहंदी से बाल हो गए हैं ड्राई तो आप भी ट्राई कर सकती हैं ये होममेड हेयर मास्क

**आमतौर पर लोग सफेद बालों को कलर करने के लिए मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। मेहंदी के इस्तेमाल से बालों को अच्छा कलर तो मिल जाता है और कुछ दिनों के लिए बालों के सफेद दिखने की समस्या भी कम हो जाती है। लेकिन कई बार मेहंदी लगाने के बाद बाल ड्राई होने लगते हैं और ड्राई बाल मुख्य रूप से हेयर फॉल का कारण भी बनते हैं। अक्सर मेहंदी अप्लाई करते समय हम कुछ गलतियां करते हैं जिसकी वजह से बाल ज्यादा ड्राई हो जाते हैं। जैसे मेहंदी से पहले बालों में तेल न लगाना और रूखे बालों में ही मेहंदी लगाना।**

जब हम रूखे बालों में ही मेहंदी का इस्तेमाल करने लगते हैं तो मेहंदी लगाने के बाद बाल और ज्यादा रूखे और बेजान हो जाते हैं। अगर आपके बाल भी मेहंदी के बाद ज्यादा ड्राई हो जाते हैं तो आप इनकी ड्राइनेस कम करने के लिए बालों में कुछ होममेड हेयर मास्क अप्लाई कर सकती हैं। ये हेयर मास्क वैसे तो पूरे तरह से प्राकृतिक हैं और इनका बालों में कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है लेकिन बालों में ये हेयर मास्क अप्लाई करने से पहले आप विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें क्योंकि सभी के बालों का प्रकार अलग होता है और किसी भी सामग्री का असर आपके बालों पर अलग तरीके से हो सकता है।

## बालों में मेहंदी लगाने के बाद इन बातों का रखें ध्यान

यदि आप बालों में मेहंदी अप्लाई करती हैं तो आपको सबसे ज्यादा ध्यान में रखने वाली बात ये है कि मेहंदी लगाने से पहले किसी भी ऑयल जैसे जैतून या नारियल के तेल का इस्तेमाल करें।

## ब्राउन शुगर और ऑलिव ऑयल हेयर मास्क

ब्राउन शुगर बालों के लिए एक बेहतरीन एक्सफोलिएंट है जो आपके स्कैल्प से उन मृत त्वचा कोशिकाओं और किसी भी बचे हुए अवशेष के निर्माण से छुटकारा पाने में मदद करता है। वहीं जैतून का तेल हमेशा सूखे बालों के इलाज के लिए प्राकृतिक कंडीशनर के रूप में उपयोग किया जाता है। यह बालों को नमी प्रदान करके बालों की ड्राइनेस को कम करने में मदद करता है।

### आवश्यक सामग्री

शुगर – 2 बड़े चम्मच
जैतून का तेल– 1 बड़ा चम्मच

### हेयर मास्क बनाने और इस्तेमाल का तरीका

- एक बाउल में चीनी और तेल को एक साथ मिलाकर हेयर मास्क तैयार करें।
- इस हेयर मास्क को अपने बालों में ऊपर से नीचे तक लगाएं।
- हेयर मास्क को अपने बालों पर 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें।
- बालों को शॉवर कैप से ढककर रखें।
- 15 -20 मिनट के बाद बालों को अच्छी तरह से शैम्पू करें और शैम्पू के बाद बालों में कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें।

मेहंदी बालों से हटाने के तुरंत बाद शैम्पू न करें बल्कि कम से कम 12 घंटे बाद ही बालों को शैम्पू करें। शैम्पू के बाद आप कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें, क्योंकि मेहंदी बालों को ड्राई कर सकती है।

## बालों में मेहंदी के बाद होममेड हेयर मास्क क्यों जरूरी है

यदि आप मेहंदी से ड्राई हो चुके बालों में होममेड हेयर मास्क अप्लाई करती हैं तो ये 20 मिनट से भी कम समय में आपके बालों को ढेर सारे लाभ प्रदान करने में मदद करता है। हेयर मास्क आपके बालों को मुलायम और हाइड्रेटिंग बनाने के साथ बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने, बालों में चमक जोड़ने और यहां तक कि बालों के झड़ने को कम करने में भी मदद करते हैं। आइए जानें मेहंदी का बालों में इस्तेमाल करने के बाद आप कौन से हेयर मास्क का इस्तेमाल अपने बालों में कर सकते हैं।



## नारियल तेल का हेयर मास्क

नारियल तेल बालों की ड्राईनेस को कम करने में मदद करता है और मेहंदी से ड्राई हो चुके बालों को भी शाइन प्रदान करने में मदद करता है।

### आवश्यक सामग्री

शहद – 1 बड़ा चम्मच
नारियल तेल – 1 बड़ा चम्मच

### बनाने और इस्तेमाल का तरीका

- एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच नारियल का तेल और 1 बड़ा चम्मच शहद डालकर आपस में अच्छी तरह से मिलाएं।
- मिश्रण को एक बर्तन में निकाल लें और इसे गर्म करें ताकि शहद और नारियल का तेल एक दूसरे में अच्छी तरह से मिक्स हो जाए।
- मिश्रण को वापस बाउल में डालें और ठंडा होने दें। फिर, अपने बालों पर ऊपर से नीचे तक मास्क लगाएं और अपने पूरे बालों पर पूरी तरह से अप्लाई करें। यदि आपकी जड़ें आमतौर पर काफी ऑयली हैं, तो केवल मध्य लंबाई से नीचे तक मास्क लगाएं।
- बची हुई नमी को बनाए रखने के लिए शॉवर कैप लगाएं।
- 20 मिनट के बाद अपने बालों को गर्म पानी से धो लें और हमेशा की तरह शैम्पू और कंडीशनर करें।
- अगर आपके बाल मेहंदी लगाने के बाद रूखे हो गए हैं तो आपको बालों की ज्यादा देखभाल करने की जरूरत है। इसके लिए यहां बताए हेयर मास्क अप्लाई करें। लेकिन इन मास्क का इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।



# वेडिंग गिफ्ट जा रही हैं खरीदने तो इन जरूरी बातों को रखें खास ख्याल

शादियों का सीजन शुरू हो गया है, ऐसे में सिर्फ कपड़े-गहने ही नहीं बल्कि गिफ्ट की भी खरीदारी शुरू हो जाती हैं। खासकर अगर शादी घर के किसी सदस्य की हो तो इस बात को सोचना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है कि आखिर गिफ्ट में दूल्हा और दुल्हन को क्या दिया जाए? बता दें कि इंडियन वेडिंग में महंगे तोहफे देने का रिवाज काफी पुराना है, लेकिन अब समय काफी बदल गया है, ऐसे में बजट के साथ-साथ जरूरत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।
वहीं कुछ लोग वेडिंग गिफ्ट खरीदारी में समय अधिक चला जाता है। दरअसल, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि लोग गिफ्ट को लेकर काफी कंफ्यूजन रहते हैं, ऐसे में हम पहले डिसाइड कर लें, तो पैसे और समय दोनों को बचाया जा सकता है। इसलिए वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी करते वक्त कुछ बातों का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

## वेडिंग गिफ्ट सेलेक्शन

वेडिंग गिफ्ट में क्या दें, यह सबसे बड़ा सवाल होता है। आप इसे बारे में दूल्हा या फिर दुल्हन से सवाल भी नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा दूसरों से पूछने पर वो अलग से आपको आइडिया दे सकते हैं। इस तरह कंफ्यूजन काफी बढ़ जाता है, इसलिए बेहतर है कि आप खुद तय करें कि शादी के बाद दूल्हा और दुल्हन को किन चीजों को जरूरत अधिक पड़ती है। उसे ध्यान में रखते हुए गिफ्ट की खरीदारी करें। इसके अलावा गिफ्ट इस उम्मीद से ना दें, आपको वापस मिल सकता है। गिफ्ट अच्छा और जरूरत को ध्यान में रखकर दें।

## कैश रजिस्टरी का ऑप्शन चुने

वेडिंग गिफ्ट के तौर पर कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी से पहले आप चाहें तो कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। दरअसल, आज कल डेस्टिनेशन का ट्रेंड चल पड़ा है। ऐसे में साथ में गिफ्ट ले जाना काफी ओल्ड फैशन हो सकता है। आप चाहें तो कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। कैश रजिस्ट्री कराने से न्यूली मैरिड कपल अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार चीजें खरीद सकती हैं। वहीं कपल भी चाहें तो इस कैश को आने वाले समय के लिए सेव भी कर सकते हैं।

## खरीदारी से पहले बजट सेट करें

वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी से पहले बजट तय कर लें। दरअसल, कई बार मार्केट में खरीदने कुछ जाते हैं और खरीदकर कुछ लाते हैं। मार्केट में चीजें की तरह-तरह होती हैं, जिसे लेकर कंफ्यूजन काफी होता है। अगर आप बजट सेट करने से आप कंफ्यूज नहीं होंगे और उतनी ही कीमत में आप गिफ्ट खरीदकर लाएंगे। इस तरह आप फिजूलखर्ची से भी बच सकती हैं।

## ऑफलाइन और ऑनलाइन चेक करें

कई बार हम वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी आखिरी समय में करते हैं, ऐसे में आप चाहे तो ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों का ऑप्शन चुन सकती हैं। दरअसल, घर की शादी में काफी तैयारी करनी पड़ती है।



ऑफलाइन खरीदारी में काफी समय चला जाता है, ऐसे में आप समय को बचाना चाहती हैं तो ऑनलाइन खरीद सकती हैं। वहीं अगर आप ने तय कर लिया कि आपको दूल्हा और दुल्हन को गिफ्ट में क्या देने वाली हैं तो उसे ऑनलाइन पहले चेक कर लें। इसके बाद समय है तो ऑफलाइन खरीदारी कर सकती हैं।

## क्वालिटी जरूर करें चेक

अक्सर ऐसा देखा होगा कि लोग शादी के गिफ्ट के तौर पर एक नहीं कई चीजें देते हैं। हालांकि, जब बाद में उसे चेक करें तो कई चीजें खराब या फिर इस्तेमाल के योग्य नहीं होती। इससे छवि खराब होती है, इसलिए एक साथ कई सारी चीजें तोहफे में देने के बजाय एक ही चीज सेलेक्ट और उसे गिफ्ट करें। कोशिश करें कि खरीदारी करते वक्त वेडिंग गिफ्ट को अच्छी तरह चेक कर लें। उसकी क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए।



**शादियों का सीजन चल रहा है और जिनकी शादी होने वाली है, उन्होंने अभी से इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। शादी की तैयारियां केवल शॉपिंग पर खत्म नहीं होती हैं, बल्कि जल्द न्यूली वेड कपल बनने की तैयारी कर रहे जोड़े अपने रूम को सजाने और संवारने के बारे में भी बातें करते हैं।**

# ऐसा होना चाहिए न्यूली वेड कपल का बेडरूम

दुल्हन का आगमन हजारों खुशियां लेकर आता है। हिंदू धर्म में तो दुल्हन को देवी लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। ऐसे में देवी लक्ष्मी का गृह प्रवेश परिवार में सुख और समृद्धि लेकर आए, इसके लिए घर में जुड़ने वाली नई सदस्या का खुश रहना बहुत जरूरी है। किसी को भी सबसे ज्यादा सुकून उसके अपने कमरे में मिलता है, इसलिए न्यूली वेड कपल का कमरा सेट करते वक्त कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा कैसा होना चाहिए, इस परएस्ट्रोलॉजर एवं वास्तु एक्सपर्ट कहती हैं, 'न्यूली वेड कपल के कमरे की दिशा, रंग और उसमें रखे सामान का वास्तु के हिसाब से होना बहुत जरूरी है। इससे उनका रिश्ता बेहतर बनता है और परिवार के लिए भी सब कुछ शुभ होता है।'

## बेडरूम की दिशा

वास्तु एक साइंस है और 'वे ऑफ आर्किटेक्चर' है। इसमें दिशाओं का विशेष महत्व होता है।' इसलिए वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा साउथ-ईस्ट दिशा में होना चाहिए और घर की सबसे ऊपर वाली मंजिल में होना चाहिए। हालांकि, कई बार वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा सही दिशा में नहीं होता है। ऐसे में वास्तु दोष को दूर करने के लिए कमरे में बेड की सेटिंग इस तरह होनी चाहिए कि दुल्हन का सिर साउथ में और पैर नॉर्थ में हो। इस दौरान ध्यान रखें कि पैर एकदम दरवाजे के सामने नहीं होने चाहिए। अगर इस दिशा में सोने की व्यवस्था नहीं हो पा रही हैं तो ईस्ट की ओर सिर किया जा सकता है। लेकिन जब भी आपको कंसीव करना हो तो अपने सोने की जगह को बदल लें।

## बेड कैसा होना चाहिए

सोशल डेकोरेशन को भूल कर आपको लकड़ी का ही बेड अपने लिए चुनना चाहिए।' मेटल में कोल्ड एनर्जी होती होती है और वुड में वॉर्म एनर्जी होती है। न्यूली वेड कपल्स को वॉर्म एनर्जी की जरूरत होती है।' इसके साथ ही, इस बात का ध्यान रखें कि बेड में अगर बॉक्स भी है तो उसमें कोई भी कबाड़ न रखें और न ही कोई धारदार चीज रखें। यहां तक की बेड पर पड़ा गद्दा भी सिंगल होना चाहिए।

## कैसा होना चाहिए कमरे में शीशा

शीशा आपका प्रतिबिंब बनाता है। किसी भी चीज को डबल करना और एनर्जी को फैलाना शीशे की प्रॉपर्टी होती है। इसलिए शीशे का सही दिशा में होना जरूरी है। सोते वक्त शीशे में आप नजर न आएं इसके लिए हमेशा शीशा बेड के बगल में होना चाहिए।

## कमरे का डेकोरेशन कैसा होना चाहिए

कमरे के डेकोरेशन में सबसे ज्यादा लोग फोटो फ्रेम्स का इस्तेमाल करते हैं। न्यूली वेड कपल्स को भी अपने कमरे में हमेशा ऐसी तस्वीरें लगानी चाहिए, जो उन्हें खुशी दें। भगवान की तस्वीर कभी न लगाएं, सोलो व्यक्ति की तस्वीर न लगाएं और जंगली जानवरों की तस्वीरें भी न लगाएं। कपल अपनी भी तस्वीर लगा सकते हैं।

## कमरे का रंग कैसा होना चाहिए

अपना फेवरेट कलर ही कमरे की दीवारों पर कराएं। हो सके तो कमरे में कहीं न कहीं लाल रंग का इस्तेमाल जरूर करें। क्योंकि यह रंग एनर्जी को बढ़ाता है और कपल के बीच के प्रेम संबंधों को मधुर बनाता है। ज्यादा लाल रंग न इस्तेमाल करें क्योंकि इससे कंसीव करने में दिक्कत आती है और लड़ाई झगड़े भी होते हैं।



# घर पर बनाएं मूंग दाल डोसा

**साउथ इंडियन खाने का अपना अलग ही मजा है। स्वादिष्ट होने के साथ-साथ दक्षिण भारतीय व्यंजन हेल्दी भी हो सकते हैं, क्योंकि उनमें तेल की मात्रा कम से कम होती है। इडली, डोसा, सांभर, रसम, वड़ा, अप्पम, लेमन राइस जैसे अन्य कई व्यंजनों को देखकर आपके मुंह भी पानी आता होगा? दूसरी सबसे अच्छी बात यह है कि आप इनका आनंद सुबह नाश्ते, ब्रंच, लंच, स्नैक्स और डिनर में भी ले सकते हैं।**

आज हर शहर में आप साउथ इंडियन फूड का आनंद ले सकते हैं। इतना ही नहीं, घर पर भी इन्हें बनाया जा सकता है। अब बात करें डोसा की, तो आज हम आपके लिए डोसा की रेसिपी लेकर आए हैं, लेकिन यह आम डोसा नहीं, बल्कि मूंग दाल से बनने वाला डोसा है। इसे आप केवल दो मिनट में बना भी सकते हैं।

## बनाने का तरीका

- मूंग दाल का डोसा बनाने के लिए पहले जरूरी सामग्री को इकट्ठा कर लें। मूंग दाल को कुछ देर पहले भीगोकर रखें। उसके बाद एक मिक्सी में भीगी हुई मूंग दाल, थोड़ा-सा पानी, अदरक और हरी मिर्च डालकर ग्राइंड कर लें।
- जब बैटर तैयार हो जाए तो उसे एक भगोने में निकाल कर रख लें। अब तैयार बैटर में स्वादानुसार नमक और दो चम्मच चावल का आटा डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें।
- अब एक तवा गर्म करें और उस पर यह बैटर फैला लें। थोड़ी देर सेकने के बाद बैटर के ऊपर हल्का-सा तेल डालें और फिर आलू का मसाला डालने की बजाय उसमें बारीक कटा प्याज, टमाटर और धनिया डालें।
- इसे कुछ सेकंड सेकने के बाद डोसा फोल्ड करें और एक प्लेट पर निकाल लें। स्वादिष्ट टमाटर और नारियल की चटनी के साथ मूंग दाल के इस डोसे को सर्व करें।
- घर पर मूंग दाल का डोसा बनाना बेहद आसान है। इसे बनाने में आपको केवल दो मिनट लगेंगे। आइए जानें इसकी आसान रेसिपी

## सामग्री

1 कप मूंग दाल
1 इंच अदरक
2 चम्मच चावल का आटा,
1 हरी मिर्च
आधा कप पानी,
स्वादानुसार नमक
1 बारीक कटा प्याज
1 बारीक कटा टमाटर
1 बड़ा चम्मच बारीक कटा हुआ धनिया

## विधि

- भीगी हुई मूंग दाल को एक मिक्सी में डालें और उसमें अदरक और हरी मिर्च डालकर ग्राइंड करें।
- बैटर को एक भगोने में निकालें और उसमें चावल का आटा और नमक डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें।
- अब एक तवा गर्म करें और उसमें तैयार बैटर फैलाएं। ऊपर से हल्का-सा तेल डालें और कुछ देर सेक लें।
- अब इसमें बारीक कटा हुआ प्याज, टमाटर और धनिया डालें। डोसा को फोल्ड कर एक प्लेट में निकालें और चटनी के साथ सर्व करें।



# सिर्फ सेहत ही नहीं, घर चमकाने के काम भी आता है जैतून का तेल

जैतून तेल का इस्तेमाल सेहत और ब्यूटी से जुड़ी परेशानियों को दूर करने के लिए किया जाता है। मगर क्या आप जानते हैं कि यह घर की सफाई में भी मददगार है। जी हां, जैतून के तेल से आप घर की साफ-सफाई भी कर सकते हैं। चलिए आज हम आपको बताते हैं कि किस तरह जैतून के तेल का इस्तेमाल आपके घर की छोटी-छोटी प्रॉब्लम को दूर करता है।

## लकड़ी के फर्श को करें साफ

1 चम्मच ऑलिव ऑयल और 1/2 चम्मच व्हाइट विनेगर को मिक्स करके उसे अपनी घर की फर्श को साफ करें। यह आपके फर्श को नए जैसा चमका देगा और इससे फर्श के दाग-धब्बे भी आसानी से साफ हो जाएंगे।

## पुराने फर्नीचर को रखें नए जैसा

लकड़ी के फर्नीचर की अलग सही तरीके से देखभाल न की जाए तो वह खराब होने लगते हैं। ऐसे में आप कपड़े पर हल्का-सा जैतून का तेल लगाकर लकड़ी के फर्नीचर को साफ करें। उसके बाद सूखे कपड़े के फर्नीचर साफ करें। इससे आपका पुरानी वुडन फर्नीचर भी नया लगेगा।

## बर्तनों को चमकाएं

रसोई में खाना बनाते हुए कई बार बर्तन जल जाते हैं। ऐसे में सबसे पहले उसपर व्हाइट विनेगर और बेकिंग सोडा डालकर बर्तन को साफ करें। फिर उसपर जैतून का तेल औ नमक डालकर स्क्रब की मदद से साफ करें। इससे आपका बर्तन बिल्कुल साफ हो जाएगा।

## जूट फर्नीचर की सफाई

जूट के फर्नीचर में गंदगी आसानी से नहीं निकलती और उसकी शाइन खोने लगती है। वैक्यून क्लीनर से सफाई करने के बावजूद भी वह अच्छी तरह साफ नहीं होते। ऐसे में आप कपड़े पर जैतून का तेल लगाकर फर्नीचर की सफाई करें। इससे उसकी धूल-मिट्टी भी आसानी से निकल जाएगा और नया भी लगने लगेगा।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## सार समाचार

### ओमीक्रोन के डेल्टा स्वरूप से कम गंभीर होने का कोई साक्ष्य नहीं : ब्रिटेन का अध्ययन

**लंदन।** ब्रिटेन में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, इस बारे में कोई सबूत नहीं है कि कोरोना वायरस का ओमीक्रोन स्वरूप, डेल्टा स्वरूप की तुलना में कम भयावह है। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि नया स्वरूप (ओमीक्रोन) पिछले संक्रमण या टीके की दोनों खुराकों से मिली प्रतिरक्षा को बड़े पैमाने पर चकमा देता है।



ब्रिटेन में इंपीरियल कॉलेज लंदन के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया कि ओमीक्रोन स्वरूप से फिर संक्रमित होने का जोखिम डेल्टा स्वरूप की तुलना में 5.4 गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह है कि पिछले संक्रमण से मिली सुरक्षा को ओमीक्रोन 19 प्रतिशत तक कम कर सकता है। अध्ययन के लेखकों ने कहा, 'अध्ययन में ओमीक्रोन के डेल्टा स्वरूप से कम गंभीर होने के कोई साक्ष्य नहीं पाए गए, चाहे क्यों न यह जांच में संक्रमित पाए जाने वाले लोगों के अनुपात के आधार पर हो, जो लक्षणों की जानकारी देते हैं, या संक्रमण के बाद अस्पताल में देखभाल करने वाले मामलों के अनुपात के आधार पर तय किए गए हों।' उन्होंने कहा, 'हालांकि, अस्पताल में भर्ती होने संबंधी आंकड़े इस वक्त बहुत कम हैं।' अध्ययन में इंग्लैंड में सभी पीसीआर जांच से पुष्टि किए गए सार्स-कोवी-2 के सभी मामलों के डेटा का उपयोग किया गया, जिनकी 29 नवंबर और 11 दिसंबर, 2021 के बीच कोविड-19 की जांच की गई थी। अनुसंधान में 'एस जीन टार्गेट फेल्यर' (एसजीटीएफ) के कारण ओमीक्रोन से संक्रमित होने वाले लोगों के साथ-साथ वे लोग शामिल थे जिनमें जीनोटाइप डेटा के साथ ओमीक्रोन संक्रमण की पुष्टि हुई। यह अध्ययन अभी प्रकाशित होना है।

### मीडिया की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए पोलैंड में प्रदर्शन, सड़कों पर उतरे लोग

**वारसॉ।** पोलैंड की दक्षिणपंथी सरकार द्वारा निशाना बनाए जा रहे अमेरिकी स्वामित्व वाले एक टेलीविजन चैनल के बचाव में और मीडिया की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए समूचे देश में लोग रविवार को सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों में बुजुर्ग भी शामिल थे, जिन्होंने दशकों पहले देश के साम्यवादी शासन का विरोध किया था और जो इस बात से चिंतित हैं कि जिस लोकतंत्र की स्थापना में उन्होंने मदद की, वह अब खत्म होता जा रहा है। कई नागरिक मानते हैं कि पोलैंड की जनवादी दक्षिणपंथी सरकार देश को पश्चिम सभ्यता से दूर कर रही है और अदालतों पर राजनीतिक नियंत्रण लगाने तथा आलोचनात्मक मीडिया को चुप कराने के प्रयासों के साथ तुर्की या रूस से करीब समझे जाने वाले एक सत्तावादी मॉडल को अपना रही है। मुख्य विपक्षी दल के नेता डोनाल्ड टस्क ने देश के नागरिकों से एकजुटता दिखाने और नेतृत्व बदलने का आह्वान किया। संसद ने डिस्कवरी इंक को पोलैंड के सबसे बड़े टेलीविजन नेटवर्क टीवीएन में अपने नियंत्रण वाले हिस्से को बेचने के लिए मजबूर करने संबंधी एक विधेयक शुक्रवार को पारित किया था, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन किए गए।

### क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए कश्मीर मुद्दे का समाधान महत्वपूर्ण- जनरल बाजवा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने रविवार को कहा कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए कश्मीर मुद्दे का समाधान महत्वपूर्ण है। जनरल बाजवा ने यह टिप्पणी सऊदी विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ एक बैठक के दौरान की। सऊद ने अफगानिस्तान में मानवीय हालात पर आयोजित इस्लामिक सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों के 17वें सत्र से इतर बाजवा से मुलाकात की थी। सेना ने एक बयान में कहा कि दोनों ने साझा हित, क्षेत्रीय सुरक्षा, अफगानिस्तान में मौजूदा स्थिति और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के मुद्दों पर चर्चा की।



बयान के अनुसार, जनरल बाजवा ने इस बात पर भी जोर दिया कि दक्षिण एशिया में स्थिरता के लिए कश्मीर विवाद का शांतिपूर्ण समाधान आवश्यक है और दोहराया कि पाकिस्तान क्षेत्रीय शांति और समृद्धि के मद्देनजर अपने सभी पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध चाहता है। भारत ने भी सदैव पाकिस्तान से कहा है कि वह इस्लामाबाद के साथ आतंकवाद और हिंसा मुक्त वातावरण में सामान्य संबंधों की इच्छा रखता है।

### ओमीक्रोन का बरपाया कहर, ब्रिटेन में एक दिन में 10,000 से अधिक नए मामले

लंदन। ब्रिटेन में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के एक दिन में 10,000 से अधिक मामले सामने आए हैं जोकि अब तक इस स्वरूप के दैनिक मामलों की सर्वाधिक संख्या है। ब्रिटेन में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 90,000 से अधिक नए मामले दर्ज किए गए। ब्रिटिश स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (यूकेएचएसए) ने शनिवार को ओमीक्रोन स्वरूप के 10,059 नए मामलों की पुष्टि की है जोकि शुक्रवार को इस स्वरूप के सामने आए 3,201 मामलों से तीन गुना से अधिक संख्या है। इसके साथ ही ब्रिटेन में अब तक ओमीक्रोन के कुल 24,968 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। ब्रिटेन में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के कुल 90,418 नए मामले सामने आए ,जबकि 125 मरीजों ने इस घातक वायरस के कारण दम तोड़ दिया। वहीं, देश में वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित सात मरीजों की मौत हो चुकी है। ओमीक्रोन के मामलों की बढ़ती संख्या के चलते सरकार द्वारा सख्त लॉकडाउन नियमों को लागू करने की योजना संबंधी रिपोर्ट का हवाला देते हुए ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद ने कहा, हमने पूर्व में देखा है कि सरकार ने किस तरह महामारी का मुकाबला किया है। हम जो भी जरूरी होगा, वो करेंगे। हालांकि, सरकार कोई भी कदम आंकड़ों पर आधारित होगा। हम आंकड़ों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और इस पर वैज्ञानिकों के साथ चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने पिछले कुछ दिनों में ओमीक्रोन के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी है, जिसे लेकर मैं भयभीत हूं। हालांकि, पिछले साल की तुलना में इस साल अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या कम है।

# इमरान के बयान अपमानजनक, अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करे पाक : करजई

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने कहा है कि इस्लामाबाद को काबुल के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान के पीएम इमरान खान की हालिया टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया करते हुए यह बात कही। इस्लामाबाद में इस्लामिक सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की परिषद के 17वें सत्र को संबोधित करते हुए इमरान खान ने कहा था कि अगर अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार में आतंकवाद से लड़ने की क्षमता नहीं है, तो आईएस खतरा बन जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अफगानिस्तान अराजकता की ओर बढ़ रहा है।



करजई ने कहा यह आरोप सही नहीं है। उन्होंने कहा कि आईएस शुरू से ही पाकिस्तान से अफगानिस्तान को धमकी दे रहा है। पूर्व नेता ने एक बयान में कहा कि ये टिप्पणियां सच नहीं हैं, और अफगानिस्तान के खिलाफ प्रोपेगेंडा है। शुरू से ही अफगानिस्तान को पाकिस्तान से दाएश की धमकी का सामना करना पड़ रहा है।

खान ने पूर्व अफगान सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। करजई ने इसपर कहा कि पाकिस्तान सरकार को अफगानिस्तान के मामलों में हस्तक्षेप करना बंद कर देना चाहिए, उसका अंतर्राष्ट्रीय समारोहों में काबुल की ओर से बात करना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी अफगानिस्तान के लोगों का अपमान करती है। इस्लामिक देशों की इस बैठक में इमरान खान ने तालिबान की मदद के लिए धर्म की भी दुहाई दी। पाक पीएम ने कहा अगर दुनिया ने हस्तक्षेप नहीं किया तो अफगानिस्तान में इंसानों की ओर से बनाया गया सबसे बड़ा संकट पैदा होगा। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की मदद करना हमारी धार्मिक जिम्मेदारी है। बता दें कि अफगानिस्तान में मानवीय संकट पर चर्चा के लिए इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के मंत्रियों की परिषद का 17वां विशेष सत्र रविवार को इस्लामाबाद में शुरू हुआ है।

### अमेरिका के प्रभावशाली पूर्व सीनेटर जॉनी इसाकसोन का निधन, 76 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

**अटलांटा (अमेरिका)।** अमेरिका के प्रभावशाली पूर्व सीनेटर एवं रिपब्लिकन नेता जॉनी इसाकसोन का रविवार को निधन हो गया। वह 76 वर्ष थे। जॉनी इसाकसोन के बेटे जॉन इसाकसोन ने समाचार एजेंसी 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि उनके पिता जब सो रहे थे, तभी उनका तड़के निधन हो गया।



उन्होंने कहा कि हालांकि, उनके पिता पार्किंसंस बीमारी से पीड़ित थे, लेकिन उनकी मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। जॉन ने कहा, ''वह बहुत अच्छे इंसान थे और मुझे उनकी याद आएगी।'' जॉनी इसाकसोन के रियल एस्टेट कारोबार ने उन्हें अमीर बनाया और उन्होंने चार दशकों तक जॉर्जिया की राजनीति में योगदान दिया। इसाकसोन ने 17 साल तक सांसद के रूप में सेवाएं दीं। उन्होंने 2019 में राजनीति से संन्यास से लिया था।

# चिली में वामपंथी गेब्रियल बोरिक ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की, हासिल किया 56 प्रतिशत मत

**सैंटियागो। (एजेंसी)।** चिली में वामपंथी गेब्रियल बोरिक ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की। ग्रेबियल ने 56 प्रतिशत मत हासिल किए और दक्षिणपंथी नेता जोस एंतोनियो को मात दी। जोस ने परिणाम स्पष्ट होने के तुरंत बाद अपनी हार स्वीकार की और ग्रेबियल को फोन कर जीत की बधाई दी। इसके बाद वह स्वयं ग्रेबियल के चुनाव प्रचार कार्यों से जुड़े मुख्यालय गए और अपने प्रतिद्वंद्वी से मुलाकात भी की। इस बीच, निवर्तमान राष्ट्रपति सेबास्टियन पिन्येरा ने ग्रेबियल के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की और सत्ता हस्तांतरण के दौरान उनकी सरकार के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। समर्थकों की भारी भीड़ के बीच ग्रेबियल एक मंच पर पहुंचे और वहां से उन्होंने स्वदेशी 'मापुचे' में हजारों युवा समर्थकों के लिए एक उत्साहजनक विजयी भाषण दिया।




उन्होंने कहा, ''हम एक ऐसी पीढ़ी हैं जो सार्वजनिक जीवन में पली-बढ़ी है और मांग करती है कि हमारे अधिकारों का सम्मान अधिकारों के रूप में किया जाए न कि वस्तुओं या व्यवसाय की तरह। हम जानते हैं कि अमीरों और गरीबों के लिए न्याय जारी रहेगा....साथ ही अब हम सुनिश्चित करेंगे कि चिली के गरीबों को असमानता की कीमत ना चुकानी पड़े।'' उन्होंने चिली की महिलाओं की भी हौसला-अफजाई की और वादा किया कि वे उनकी सरकार में एक प्रमुख भूमिका निभाएंगी, जिससे कि ''समाज की सभी तरह की पितृसत्तात्मक सोच को हमेशा के लिए पीछे छोड़ने में मदद मिलेगी।

### जापान के एक अरबपति ने 12 दिन अंतरिक्ष में बिताया, अंतरिक्ष में जाने वाले पहले पर्यटक बने



**मॉस्को। (एजेंसी)।** जापान के एक अरबपति, उनका प्रोड्यूसर और एक रूसी अंतरिक्ष यात्री 12 दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद सोमवार को सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए। वे एक दशक से भी अधिक समय बाद खुद पैसे चुकाकर अंतरिक्ष में जाने वाले पहले पर्यटक हैं।

फैशन कारोबारी युसाकु मिजावा, उनके प्रोड्यूसर योजो हिरानो और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर मिसुर्किन रूसी सोयुज अंतरिक्ष यान से भारतीय समयानुसार सोमवार सुबह पांच बजकर 20 मिनट पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुए थे। वे झेज्काजगन शहर से करीब 148 किलोमीटर दूर दक्षिणपूर्व में सुबह नौ बजकर 13 मिनट पर कजाखस्तान में उतरे। मिजावा (46) और उनके 36 वर्षीय प्रोड्यूसर 2009 के बाद से खुद पैसे चुकाकर अंतरिक्ष केंद्र जाने वाले पहले पर्यटक हैं।

### फिलीपीन में शक्तिशाली तूफान, 200 के पार पहुंची मरने वालो की संख्या; 52 लोग लापता

**मनीला।(एजेंसी)।** फिलीपीन में इस साल के सबसे भीषण तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 200 से अधिक हो गई और 52 लोग अब भी लापता हैं। देश में कई केंद्रीय शहर और प्रांत संचार एवं बिजली सेवा ठप होने से जूझ रहे हैं तथा भोजन एवं पानी के लिए गुहार लगा रहे हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। दक्षिण चीन सागर में शुक्रवार को दस्तक देने से पहले भीषण तूफान में हवाओं की सबसे तेज गति 195 किलोमीटर (121 मील) प्रति घंटा थी और 270 किलोमीटर प्रति घंटे (168 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से झोंके चल रहे थे। राष्ट्रीय पुलिस के अनुसार, कम से कम 208 लोग मारे गए, 52 लोग लापता हैं और 239 लोग घायल हुए है। मृतक संख्या बढ़ने की आशंका थी क्योंकि कई कस्बे और गांवों में संचार ठप होने, बिजली की कटौती और बंद सड़कों के कारण संपर्क टूट गया था। हालांकि बेहतर मौसम के साथ बड़े पैमाने पर सफाई और मरम्मत के प्रयास चल रहे थे। मरने वालों में से कई पेड़ या दीवार गिरने की चपेट में आ गए, कई अचानक आई बाढ़ में डूब गए या भूस्खलन में जिंदा दब गए। पुलिस ने कहा कि नेग्रोस ऑक्सिडेंटल प्रांत में 57 वर्षीय एक व्यक्ति को पेड़ की शाखा से लटका पाया गया और एक महिला हवा में उड़ गई और उसकी मौत हो गई। दक्षिणपूर्वी प्रांतों में शामिल एवं आंधी की चपेट में सबसे पहले आने वाले, दीनागट द्वीप समूह की गवर्नर अर्लीन बाग-आओ ने कहा कि 1,30,000 से अधिक की आबादी वाले द्वीप प्रांत में 'राय' की क्रूरता तूफान 'हैयान' से भी बदतर थी, जो रिकॉर्ड में सबसे शक्तिशाली और सबसे घातक तूफान में से एक है और जिसने नवंबर 2013 में मध्य फिलीपीन को तबाह कर दिया था, लेकिन दीनागट में कोई हताहत नहीं हुआ था। बाग-आओ ने कहा कि छतों, मलबे और कांच के टुकड़ों के उड़ने से कम से कम 14 ग्रामीणों की मौत हो गई और 100 से अधिक अन्य घायल हो गए और दीनागट के क्षतिग्रस्त अस्पतालों में अस्थायी सर्जरी कक्षों में उनका इलाज किया गया। उन्होंने कहा कि अगर तूफान आने से पहले उच्च जोखिम वाले गांवों से हजारों निवासियों को नहीं निकाला गया होता तो कई और लोग मारे जाते।

# ओमीक्रोन के डर के बीच इजराइल के पीएम का अनुरोध, कहा- बच्चों का टीकाकरण आवश्यक

**यरूशलम। (एजेंसी)।** इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने देशवासियों से अनुरोध किया है कि वे कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर अपने बच्चों का टीकाकरण कराएं। इस बीच, इजराइल के अधिकारी यात्रा प्रतिबंधों को विस्तार देकर अमेरिका को भी इस दायरे में लाने की तैयारी कर रहे हैं। बेनेट ने रविवार को टेलीविजन के माध्यम से देश को संबोधित करते हुए कहा कि देश में नए स्वरूप के मामले अपेक्षाकृत कम हैं और इसका कुछ हद तक श्रेय अधिकतर देशों से यात्रियों का प्रवेश प्रतिबंधित करने के शुरुआती कदमों को जाता है, लेकिन मामले बढ़ने में देर नहीं लगेगी।




उन्होंने कहा, ''पांचवी लहर शुरू हो गई है।'' उन्होंने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि माता-पिता अपने बच्चों का टीकाकरण कराएं। इजराइल में पिछले महीने पांच साल से 12 साल तक के बच्चों का टीकाकरण शुरू हो गया था, लेकिन प्राधिकारियों का कहना है कि इस आयुवर्ग में टीकाकरण की दर निराशाजनक रूप से कम है।'' बेनेट ने कहा, ''बच्चों को टीका लगाना सुरक्षित है और टीकाकरण कराना माता-पिता की जिम्मेदारी है। जिन माता-पिता ने तीनों खुराक ले ली है, उन्हें अपने बच्चों को भी सुरक्षित करने की आवश्यकता है।'' इजराइल में इस साल की शुरुआत में टीकाकरण आरंभ होने के बाद से देश की कुल 93 लाख आबादी में से 41 लाख से अधिक लोगों ने फाइजर/बायोएनटेक टीके की तीसरी खुराक ले ली है। देश में ओमीक्रोन संक्रमण के अब तक 134 मामले सामने आ चुके हैं।

इजराइल ने ओमीक्रोन का संक्रमण फैलने से रोकने के लिए पिछले महीने अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाएं बंद कर दी थी। अन्य देशों के नागरिकों को देश में प्रवेश की अनुमति नहीं है और विदेशों से आने वाले इजराइलियों के लिए पृथक-वास में रहना अनिवार्य है। इजराइल ने कोरोना वायरस के अत्यधिक मामलों वाले देशों को 'रेड' श्रेणी में रखा है और इजराइलियों का इन देशों में जाना प्रतिबंधित है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को सिफारिश की कि अमेरिका और कनाडा को भी इस सूची में शामिल किया जाए। इस संबंध में बुधवार को निर्णय किए जाने की संभावना है।

# Year Ender 2021 : सत्ता से बेदखल हुए ट्रंप, अमेरिका के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति बने बाइडन, भारतीय मूल की कमला हैरिस बनीं उपराष्ट्रपति

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** 20 जनवरी, 2020 को जो बाइडन ने अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति पद की शपथ ली। एक राजनीतिक समारोह में बाइडन और उप राष्ट्रपति के तौर पर चुनी गईं कमला हैरिस ने अपने पद की शपथ ली थी। देश के मुख्य न्यायाधीश जान राबर्ट्स ने बाइडन को शपथ दिलाई थी। 78 वर्षीय बाइडन अमेरिका के सबसे अधिक उम्र के राष्ट्रपति बनने वाले पहले व्यक्ति हैं। शपथ ग्रहण के बाद बाइडन ने अमेरिकी आवाम को संबोधित किया था। उन्होंने अपने संबोधन में अमेरिकी लोगों से एकजुट होने की अपील करते हुए अमेरिका को और ताकतवर बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई थी।

1- अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के वक्त कोरोना महामारी का प्रकोप था। कोरोना के कारण इस समारोह में कुछ बदलाव किए गए थे। यहां आए मेहमानों की सूची छोटी की गई थी। वाशिंगटन में लाखों लोग शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होते थे। पूरा शहर भर जाता था। होटलों में जगह नहीं होती थी। वर्ष 2009 में ओबामा पहली बार राष्ट्रपति बने थे, तो राजधानी में 20 लाख लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण यह उत्सव इतना बड़ा नहीं हुआ था।

2- पहले इस समारोह को देखने के लिए दो लाख टिकट जारी होते थे, लेकिन इस बार पूरे अमेरिका में कोरोना संक्रमण को देखते हुए महज एक हजार टिकट ही जारी किए गए थे। इनागरेशन एक औपचारिक समारोह है। इसके पूरा होते ही राष्ट्रपति के कार्यकाल की शुरुआत हो जाती है। यह समारोह वाशिंगटन डीसी में होता है। समारोह के एकमात्र जरूरी हिस्से के तौर पर राष्ट्रपति अपने पद की शपथ लेते हैं।

3- इस दौरान बाइडन ने पद की शपथ लेते हुए कहा था कि मैं पूरी निष्ठा से यह शपथ लेता हूं कि अपनी पूरी ईमानदारी से अमेरिका के राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी निभाऊंगा। मैं अपनी पूरी क्षमता के साथ अमेरिका के संविधान का संरक्षण, सुरक्षा और बचाव करूंगा। इन शब्दों को पूरा करते ही जो बाइडन अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति बन गए। शपथ समारोह के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। छह जनवरी के उपद्रवियों के कैपिटल हिल में घुस जाने की घटना को देखते हुए तो और सुरक्षा के पुख?ता इंतजाम किए गए थे। इस कार्यक्रम में नेशनल गार्ड के 10 हजार सैनिक तैनात थे।

**बाइडन बोले, यह लोकतंत्र की जीत**

शपथ ग्रहण के बाद बाइडन ने कहा कि यह जश्न का समय है। यह अमेरिका का दिन है। यह लोकतंत्र की जीत है। आज नया इतिहास बन रहा है। बाइडन ने कहा कि हमने जिंदगी में ढेर सारी चुनौतियां देखी हैं। अमेरिका और उसकी सेना हर चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए तैयार है। मैं पूरे अमेरिका का राष्ट्रपति हूं और सबकी तरक्की खुशहाली और सबकी रक्षा के लिए हूं। बाइडन ने कहा कि आज का दिन अमेरिका का है। यह लोकतंत्र का दिन है। यह इतिहास और आशा का दिन है।

उन्होंने कहा कि आज हम एक उम्मीदवार की जीत का नहीं वरन लोकतंत्र के उद्देश्य की जीत का जश्न मना रहे हैं। जनता की इच्छाओं को सुना और समझा गया है। हम श्वेतों को श्रेष्ठ मानने की मानसिकता और घरेलू आतंकवाद को हराएंगे। मैं चाहता हूं कि प्रत्येक अमेरिकी हमारी इस लड़ाई में शामिल हो।



आज प्रयागराज जाएंगे पीएम मोदी,

# महिला समूहों के खातों में हस्तांतरित करेंगे 1000 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को प्रयागराज का दौरा करेंगे और दो लाख से अधिक महिलाओं की मौजूदगी वाले एक अनोखे कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से जमीनी स्तर पर, उन्हें आवश्यक कौशल, प्रोत्साहन और संसाधन प्रदान करने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है।

पीएमओ ने बताया कि इस अवसर पर पीएम मोदी स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के खातों मे 1000 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित करेंगे जिससे लगभग 16 लाख महिला सदस्यों को लाभ पहुंचेगा। पीएमओ ने बताया कि यह हस्तांतरण दीनदयाल उपाध्याय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई) के तहत किया जाएगा, जिसमें 80,000 एसएचजी को प्रति एसएचजी 1.10 लाख रुपए का सामुदायिक निवेश कोष (सीआईएफ) प्राप्त होगा और 60,000 एसएचजी को प्रति एसएचजी 15,000 रुपये की चक्रीय (रिवॉल्विंग) निधि प्राप्त होगी। पीएमओ ने बताया कि व्यापार अभिकर्ता-सखियों (बीसी-सखियों) को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रधानमंत्री उनमें से 20,000 के खाते में पहले महीने के वजीफे के रूप में 4,000 रुपये की राशि भी स्थानांतरित करेंगे। जब बीसी-सखियां जमीनी स्तर पर वित्तीय सेवाओं के प्रदाता के रूप में अपना काम शुरू करती हैं, तो उन्हें छह महीने के लिए 4,000 रुपए का वजीफा दिया जाता है, ताकि वे अपने काम में स्थिर हो जाएं और फिर लेन-देन पर कमीशन के माध्यम से कमाई शुरू करें। कार्यक्रम के दौरान, पीएम मोदी मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत एक लाख से अधिक लाभार्थियों को 20 करोड़ से रुपये अधिक की राशि हस्तांतरित करेंगे। यह योजना एक बालिका को उसके जीवन के विभिन्न चरणों में सशर्त नकद हस्तांतरण प्रदान करती है। कुल हस्तांतरण 15,000 रुपए प्रति लाभार्थी है। वह 202 पूरक पोषण निर्माण इकाइयों की आधारशिला भी रखेंगे। इन इकाइयों को स्वयं सहायता समूहों द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है और एक इकाई के लिए लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से निर्माण किया जाएगा।

## अखिलेश के करीबियों के घर देर रात तक चली रेड, जब्त किए की गई बेनामी संपत्ति व कंपनियों के दस्तावेज

**लखनऊ।**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के करीबियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी रविवार की देर रात तक जारी रही। यह छापेमारी शनिवार 18 दिसंबर की सुबह शुरू हुई थी। रविवार को आयकर विभाग की एक टीम ने व्यापारी राहुल भसीन के दिल्ली स्थित घर पर रेड डाली। छापेमारी के दौरान आयकर विभाग को कई बेनामी संपत्तियों के साथ-साथ कई कंपनियों के भी दस्तावेज मिले हैं। बताया जाता है कि इसे लेकर इनकम टैक्स विभाग के अधिकारी राहुल भसीन से पूछताछ कर रहे हैं।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के ओएसडी रहे जैनेंद्र यादव उर्फ नीटू, राहुल भसीन, मनोज यादव और जगत यादव के घर पर शुरू हुई आयकर विभाग की छापेमारी 36 घंटे बाद रविवार की देर रात तक जारी रही। रविवार को राहुल भसीन के दिल्ली स्थित आवास पर आयकर विभाग की टीम ने छानबीन की।

बताया जाता है कि अब तक की जांच में आयकर विभाग को जैनेंद्र यादव उर्फ नीटू के घर से मिनरल वाटर की कंपनी के दस्तावेज मिले हैं। कहा जा रहा है कि इस नई कंपनी के चंद साल में ही करोड़ों रुपये टर्नओवर को लेकर आयकर विभाग छानबीन कर रहा है। साल 2012 में सपा की सरकार आने के बाद से जैनेंद्र यादव उर्फ नीटू की हैसियत में इजाफा होता चला गया। आयकर विभाग की टीमें नीटू और उसके परिवार के साथ ही करीबी रिश्तेदारों के नाम पर खरीदी गई संपत्ति भी खंगाल रही है।सपा के राष्ट्रीय सचिव राजीव राय के मऊ और बेंगलुरु स्थित ठिकानों पर आयकर विभाग की रेड खत्म हो गई है। राजीव राय के मऊ स्थित घर से आयकर विभाग को करीब 76 हजार रुपए नकद मिले हैं। इनमें राजीव राय के घर काम करने वाले नौकरों के पास से बरामद रकम भी शामिल है। हालांकि, राजीव राय ने रेड खत्म होने के बाद दावा किया था कि आयकर विभाग की टीम को उनके घर से 15 घंटे की पड़ताल में महज 17 हजार रुपए मिले हैं। यूपी चुनाव के पहले हो रही इस कार्रवाई पर सपा ने सवाल उठाए हैं। अखिलेश यादव ने कहा है कि अजय मिश्र जैसे लोगों पर कोई एक्शन नहीं लिया जाता, जबकि सपा के नेताओं को केंद्रीय एजेंसियों के जरिए डराया जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा को जब हार का डर सताता है तो वह ऐसी ही कार्रवाईयां करती है।

## दीपेंद्र हुड्डा बोले- हरियाणा में महंगाई आसमान छू रही नौकरियों में बढ़ रही रिश्वत

**सोनीपत।** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में सबसे ज्यादा महंगाई, नौकरियों में रिश्वत में बढ़ रही है। हरियाणा के सोनीपत में हरियाणा युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित युवा आक्रोश सम्मेलन को संबोधित करते हुए हुड्डा ने कहा कि ईंधन, प्याज, टमाटर के दामों में वृद्धि के साथ प्रदेश में सबसे ज्यादा महंगाई नौकरियों में रिश्वत में बढ़ रही है। युवा कांग्रेस ने हरियाणा भर्ती घोटाले की जांच न्यायाधीश की निगरानी में सीबीआई से कराने की मांग की और हरियाणा सरकार को ऐसा करने के लिए 15 दिन का समय दिया। युवा आक्रोश सम्मेलन में सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने महंगाई का जिक्र करते हुए कहा, 'डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, प्याज, टमाटर के दाम आज आसमान छू रहे हैं, लेकिन हरियाणा में सबसे ज्यादा महंगाई नौकरियों में रिश्वत में है। हरियाणा में हर नौकरी में रिश्वत का भंडाफोड़ हुआ है। 30 से ज्यादा भर्तियों के पेपर लीक हुए। इससे ध्यान भटकाने के लिये सरकार ने बहुत सारे सरकारी विभागों में छंटनी करनी शुरू कर दी है।' उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी एक आंकड़ा नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी का सच है और मध्य प्रदेश का व्यापम घोटाला हरियाणा के भर्ती घोटाले के आगे फीका पड़ गया। उन्होंने महंगाई का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने केवल युवाओं का भविष्य ही बर्बाद नहीं किया बल्कि हर गरीब परिवार के घर का बजट बिगाड़ने का भी काम किया है।

## माल्या और नीरव की संपत्तियां बेचकर हुई कितनी रिकवरी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बताया



**नई दिल्ली।**

देश के कई बैंकों से हजारों करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करके भागे शराब कारोबारी विजय माल्य और डायमंड कारोबारी नीरव मोदी से 13,109 करोड़ रुपये की रिकवरी की जा चुकी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंकों ने अब तक इन दोनों भगोड़े डिफॉल्टरों की संपत्ति बेचकर यह रकम रिकवर की है। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से इस साल जुलाई में ही इस रिकवरी के बारे में जानकारी दी गई थी, लेकिन अब वित्त मंत्री ने संसद को यह आधिकारिक जानकारी दी है। विजय माल्या पर कई बैंकों से 9,000 करोड़ रुपये का लोन लेकर न चुकाने का आरोप है। इसके अलावा पीएनबी समेत कई बैंकों से हीरा कारोबारी नीरव मोदी और उसके रिश्तेदार मेहुल चोकसी ने 13,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी की थी।

## जम्मू से तय होगा सीएम परिसीमन आयोग ने दिया 6 सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव

**जम्मू।**

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा सीटों के परिसीमन का काम तेजी से जारी है। परिसीमन आयोग की बैठक हुई, जिसमें जम्मू में 6 अतिरिक्त सीटें देने और कश्मीर घाटी में एक सीट और बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया। यदि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो फिर जम्मू को राजनीतिक बढ़त मिलेगी और राज्य का सीएम तय करने में इस क्षेत्र की भूमिका अहम हो जाएगी। इससे पहले कश्मीर घाटी में सीटें अधिक होने के चलते उस क्षेत्र का ही दबदबा रहता था। सोमवार को हुई इस मीटिंग में केंद्रीय मंत्री और सांसद जितेंद्र सिंह के अलावा भाजपा के एक और सांसद जुगल किशोर शामिल थे। यही नहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारुक अब्दुल्ला, रिटायर्ड जस्टिस हसनैन मसूदी और मोहम्मद अकबर लोन शामिल थे। यह बैठक दिल्ली के अशोक होटल में रखी गई थी। यदि आयोग की सिफारिशें मंजूर हो जाती हैं तो फिर जम्मू में विधानसभा की सीटें बढ़कर 43 हो जाएंगी, जबकि कश्मीर घाटी में विधानसभा सीटों की संख्या 47 होगी। इस तरह दोनों क्षेत्रों के बीच सीटों का अंतर महज 4 का ही रह जाएगा। कुल सीटों में से 9 सीटें जनजातीय समुदाय और 7 सीटें दलित समुदायों के लिए आरक्षित रखने का भी प्रस्ताव है। संबंधित सदस्यों से 31 दिसंबर तक अपने सुझाव सौंपने को कहा गया है। परिसीमन आयोग में सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज रंजना देसाई, मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा और जम्मू कश्मीर के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को शामिल किया गया है।

आयोग को 6 मार्च तक सभी सीटों का परिसीमन करने का आदेश दिया गया है। सीटें और उनकी सीमाएं तय होने के बाद ही केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव होगा। हालांकि राज्य में गैर-भाजपा दल कई बार इस आयोग पर सवाल भी उठा चुके हैं।

## गोवा कांग्रेस को एक और झटका अब कार्यकारी अध्यक्ष अलेक्सो लोरेंको ने छोड़ी पार्टी



**नई दिल्ली।**

गोवा विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक और झटका देते हुए पार्टी के राज्य कार्यकारी अध्यक्ष अलेक्सो रेजिनाल्डो लोरेंको ने सोमवार को विधानसभा सदस्य के रूप में इस्तीफा दे दिया, जिससे 40 विधानसभा सीटों में पार्टी की संख्या घटकर दो रह गई। इससे पहले कांग्रेस के दो अन्य नेताओं ने भी हाल ही में राज्य में विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। अगले साल की शुरुआत में गोवा में विधानसभा चुनाव होने हैं। विशेष रूप से, कांग्रेस ने पिछले सप्ताह आगामी राज्य चुनावों के लिए आठ उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची घोषित की थी और इसमें लोरेंको का नाम शामिल था। दक्षिण गोवा जिले में कर्टोरिम विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले लोरेंको ने सोमवार दोपहर विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय में अपना इस्तीफा सौंप दिया। सूत्रों ने बताया कि बाद में उन्होंने कांग्रेस से भी इस्तीफा दे दिया। लोरेंको, जो गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष थे, उन्होंने इस मामले में कोई टिप्पणी भी नहीं दी है। सूत्रों ने कहा कि वह जल्द ही ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) में शामिल हो सकते हैं। इस महीने की शुरुआत में गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री रवि नाइक ने कांग्रेस विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। कुछ महीने पहले पूर्व मुख्यमंत्री लुइजिन्हो फलेरियो ने भी कांग्रेस छोड़ दी थी और टीएमसी में शामिल हो गए थे। उन्होंने गोवा विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। गौरतलब है कि 2017 के गोवा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने सदन में 17 सीटें जीती थीं और सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। लेकिन 13 सीटें हासिल करने वाली भाजपा ने राज्य में सरकार बनाने के लिए कुछ क्षेत्रीय दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों के साथ गठजोड़ किया। इस वक्त विधानसभा में कांग्रेस के पास सिर्फ दो विधायक हैं।

## बिहार में फर्जी चिट्ठी की मदद से बेच दिया ट्रेन का स्टीम इंजन, सिपाही की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

**पटना।**

बिहार के समस्तीपुर में रेलवे से जुड़ा एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसके बारे में जानकर हर कोई हैरान है। यहां एक इंजीनियर ने डिवीजन मैकेनिकल इंजीनियर (डीएमई) का फर्जी आदेश दिखा कर पुराना स्टीम इंजन बेच दिया।

पुराने जमाने का स्टीम इंजन पूर्णिया कोर्ट स्टेशन के पास छोटी लाइन पर सालों से खड़ा था। मामला सामने नहीं आए इसके लिए डीजल शेड पोस्ट पर एक दरोगा की मदद से शेड के एंट्री रजिस्टर में एक पिकअप वैन की एंट्री करा दी गई, सिपाही संगीता कुमारी की रिपोर्ट के बाद इस मामले में जांच शुरू हुई और तब सच्चाई सामने आई। आरपीएफ दरोगा एमएम रहमान के बयान पर मंडल के बनमनकी पोस्ट पर एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें इंजीनियर राजीव रंजन झा, हेल्पर सुशील यादव समेत सात लोग आरोपी बनाए गए हैं। वहीं डीआरएम अशोक अग्रवाल के आदेश पर इंजीनियर और हेल्पर के अलावा



डीजल शेड पोस्ट पर तैनात दारोगा वीरेंद्र द्विवेदी को सस्पेंड कर दिया गया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद फरार इंजीनियर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार 14 दिसंबर 2021 को समस्तीपुर डीजल शेड के इंजीनियर राजीव रंजन झा, हेल्पर सुनील यादव के साथ गैसकटर की मदद से स्टीम इंजन को कटवा रहे थे। आरपीएफ अधिकारी रहमान ने रोका तो उन्होंने वह फर्जी पत्र दिखाया और आरपीएफ को लिखित मेमो दिया कि इंजन का कबाड़, डीजल शेड में वापस ले जाना है। अगले दिन सिपाही संगीता ने स्कैप लोड पिकअप की एंट्री की तो देखा स्क्रैप नहीं था। इसकी जानकारी संगीता ने अधिकारियों को दी। रिपोर्ट के अनुसार आरपीएफ ने मामले की पूछताछ की जिसमें पता चला है कि ऐसा कोई आदेश जारी ही नहीं किया गया है। मंडल सुरक्षा आयुक्त एके लाल ने कहा डीजल शेड से जारी चिट्ठी की जांच शुरू हुई तो पता चला कि शेड ने ऐसी कोई भी चिट्ठी जारी करने से इनकार किया। दो दिनों तक स्क्रैप लोड की जानकारी नहीं मिली तब एफआईआर दर्ज कराई गई।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मोदी सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।**

संसद का शीतकालीन सत्र लगातार हंगामे की भेंट चढ़ रहा है, जिस कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बाधित हो रही है। केंद्र सरकार इसके लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहरा रही है। वहीं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा है कि सदन चलाना विपक्ष की नहीं, सरकार की जिम्मेदारी होती है। सदन नहीं चलने देने के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराने के सरकार के आरोप पर पलटवार करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हमें सदन में मुद्दों को नहीं उठाने दिया जा रहा है। संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि 'हम चाहते हैं कि सरकार गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को हटाए और लखीमपुर खीरी मामले पर सदन में चर्चा कराए लेकिन सरकार करने नहीं दे रही है।' उन्होंने कहा कि 'हम लद्दाख का मामला उठाना चाहते हैं लेकिन सरकार उठाने नहीं दे रही। सरकार किसानों के मुद्दे पर, राज्यसभा सांसदों के निलंबन पर चर्चा नहीं करने देती और फिर हम पर आरोप लगाती है कि हम सदन नहीं चलने दे रहे हैं। सरकार की जिम्मेदारी सदन को चलाने के साथ-साथ सही तरीके से चर्चा कराने की भी होती है।फोन टैपिंग मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल ने कहा कि पेगासस मामले में भी सदन में सरकार ने चर्चा नहीं होने दी। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और लगातार हो रहा है, जिसके खिलाफ हम लड़ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अगर विपक्ष जिम्मेदार हो तो, सदन चल सकता है। राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए गोयल ने कहा कि सदन चलाना अगर सरकार की जिम्मेदारी है तो विपक्ष को भी सहयोग करना चाहिए। संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री और राज्य सभा में नेता सदन पीयूष गोयल ने कहा कि अगर विपक्ष जिम्मेदार हो तो सदन चल सकता है। विरोधी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सांसद हंगामा करें, सदन और सभापति की गरिमा को ठेस पहुंचाएं और माफी मांगने को भी तैयार न हो, यह विपक्ष के गैर-जिम्मेदाराना रवैये को दिखाता है। गोयल ने आगे कहा कि राज्य सभा के सभापति के कहने पर संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने निलंबित सांसदों के नेताओं को बैठक के लिए बुलाया था, लेकिन ये बातचीत करने भी नहीं आए। मल्लिकार्जुन खड़गे के विपक्षी एकता तोड़ने के आरोप पर बोलते हुए गोयल ने कहा कि अगर उन्हें कोई सुझाव देना था तो बैठक में आकर देते। सरकार अन्य दलों को भी बुला लेती।



### संक्षिप्त समाचार



## पनामा पेपर्स लीक मामले में ईडी के सामने पेश हुईं ऐश्वर्या बच्चन

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन 2016 के 'पनामा पेपर्स' लीक प्रकरण से जुड़े एक मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं। ईडी द्वारा मेगा स्टार अमिताभ बच्चन की 48 वर्षीय बहू से विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत पूछताछ की जा रही है। मामला वर्ष 2016 में वाशिंगटन स्थित इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट्स (आईसीआईजे) द्वारा पनामा की कानूनी फर्म मोसैक फोंसेका के रिकॉर्ड की जांच से जुड़ा है, जिसे 'पनामा पेपर्स' नाम से जाना जाता है। इसमें विश्व के कई नेताओं और मशहूर हस्तियों के नाम सामने आए थे, जिन्होंने कथित तौर पर देश से बाहर की कंपनियों में विदेशों में पैसा जमा किया था। इनमें से कुछ के बारे में कहा गया है कि उनके पास वैध विदेशी खाते हैं। इस खुलासे में कर चोरी के मामलों को सामने लाया गया था।

## 2658 करोड़ की लागत से अमेठी के रास्ते रामलला से जुड़ेगी रायबरेली

**रायबरेली।** धर्म नगरी अयोध्या को पर्यटन हब बनाने की कोशिशों के बीच सरकार ने एक और सार्थक प्रयास किया है। अब रायबरेली को अमेठी के रास्ते सीधे अयोध्या से जोड़ा जा रहा है। 104 किमी लंबी सड़क को एनएच के दर्जे के साथ सजाया संवारा जा रहा है। इस पर 2658 करोड़ रुपए की भारी-भरकम धनराशि खर्च की जा रही है। केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी अमेठी के साथ ही साथ सुल्तानपुर और रायबरेली को लेकर भी लगातार सक्रिय हैं। स्मृति से लोगों ने रायबरेली से सीधे राम नगरी अयोध्या को जोड़ने वाली सड़कों को दुरुस्त करने की मांग की थी। जिसके बाद उनकी पहल पर इस पूरे राजमार्ग के दिन बहुर गए हैं। जिला मुख्यालय रायबरेली से अयोध्या तक 104 किमी लंबी सड़क के निर्माण पर परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय 2658 करोड़ रुपए खर्च कर इसे नया रूप दे रहा है। जगदीशपुर से अयोध्या मार्ग को फोरलेन जबकि रायबरेली से जगदीशपुर मार्ग को दो लेन राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा दिया गया है। 60 किमी लंबे जगदीशपुर अयोध्या फोरलेन मार्ग पर 1938 करोड़ों रुपए जबकि रायबरेली जगदीशपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के भूमि अधिग्रहण व सड़क निर्माण पर 720 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। रायबरेली जगदीशपुर राजमार्ग के लिए औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं और इसका शिलान्यास करने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ स्मृति ईरानी भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर अमेठी आ रही हैं।

## पीएम कार्यक्रम में माहौल खराब करने वाले 50 से अधिक रडार पर

**नई दिल्ली।** प्रयागराज में पीएम मोदी के कार्यक्रम के दौरान विरोध प्रदर्शन की सूचना ने खुफिया एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। विरोध करने, काला झंडा दिखाने और कार्यक्रम के दौरान अराजकता फैलाने वाले 50 से अधिक संदिग्धों को खुफिया एजेंसियों ने अपने रडार पर रखा है। उनके मोबाइल से ट्रैप करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस पीएम की सुरक्षा में कोई चूक नहीं चाहती है। बताया जा रहा है कि भले ही किसान आंदोलन खत्म हो चुका है लेकिन कुछ लोग इस मुद्दे पर राजनीति करने में लगे हैं। नेताओं के करीबी चर्चा में आने के लिए इस कार्यक्रम में अराजकता फैला सकते हैं। जो बड़े चेहरे हैं, उनके बारे में पुलिस को जानकारी है लेकिन इस तरह के कार्यक्रम में विरोध करने वाले हर बार नए चेहरे होते हैं। इसलिए उनको ट्रैप करना पुलिस और खुफिया एजेंसियों के लिए मुश्किल हो जाता है। पिछली बार इसी परेड मैदान में पीएम के कार्यक्रम में शर्ट उतारकर काला कपड़ा दिखाने वाले नए चेहरे थे। इसलिए इस बार खुफिया एजेंसियां हर संदिग्ध पर नजर बनाए हुए है। प्रयागराज में हमेशा ही नेताओं को काला झंडा दिखाने में नए चेहरे सामने आए। 2018 में अमित शाह प्रयागराज दौरे पर आए थे। उनका काफिला धूमनगंज से गुजर रहा था। खुफिया एजेंसियों को भनक तक नहीं लगी और अचानक से इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की दो छात्राएं नेहा यादव और रमा यादव ने उनके काफिले को काले झंडे दिखाए। इतना ही नहीं नेहा अमित शाह को रोकने के लिए उनकी गाड़ी के सामने आ गई थी। इसी तरह कुछ साल पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी केपी कॉलेज मैदान में रैली करने आई थी। उस वक्त छात्र नेता अभिषेक यादव ने सोनिया गांधी को काला झंडा दिखाया था।

## विधि छात्रों के लिए अधिक व्यावहारिक पाठ्यक्रम शुरू करने की जरुरत- रमण

**हैदराबाद।** भारत के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण ने रविवार को कहा कि देश में विधि स्नातक कानूनी समस्याओं पर केवल सैद्धांतिक तरीके से विचार करने के अभ्यस्त हैं। न्यायमूर्ति रमण ने ऐसे पाठ्यक्रम शुरू करने की आवश्यकता पर बल दिया है, जो अधिक व्यावहारिक हों। न्यायमूर्ति रमण ने यहां नालसर लॉ यूनिवर्सिटी के 18वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में कहा कि स्नातक करने वाले छात्रों को आगाह किया कि 'कोर्ट रूम' वैसे नहीं होते, जैसा फिल्मों या 'मूट कोर्ट' में दिखाए जाते हैं, बल्कि वे संकरे, गंदे हो सकते हैं और ऐसा भी हो सकता है कि न्यायाधीश के पास एक पंखा भी ना हो। न्यायमूर्ति रमण ने कहा मैं देखता हूं कि छात्र कानूनी समस्याओं पर केवल सैद्धांतिक तरीके से विचार करने के अभ्यस्त हैं। ऐसे पाठ्यक्रम शुरू करने की तत्काल आवश्यकता है, जो अधिक व्यावहारिक हों और छात्र जमीनी स्तर पर लोगों से संवाद करने के साथ ही उनके मुद्दों के बारे में अवगत हो सकें। उन्होंने कहा ऐसा लगता है कि निचली अदालत के महत्व को पूरी तरह से नजरअंदाज करते हुए केवल उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय में वकालत करने का आकर्षण है। उन्होंने कानून के स्नातकों से आह्वान किया कि वे उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में जाने से पहले निचली अदालत के स्तर पर अनुभव प्राप्त करने पर विचार करें। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक संख्या में मामले निचली अदालतों में लंबित रहने के कारण वहां विशेषज्ञ अधिवक्ताओं की मांग और आवश्यकता दोनों है। उन्होंने छात्रों से कहा कि उन्हें मादक पदार्थों से दूर रहना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

# पहला कॉलम

## आधारित स्वचालित जल आपूर्ति प्रणाली शुरू की: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा संपदा दिवस 2021 के अवसर पर छावनी बोर्डों के निवासियों के लिए भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित स्वचालित जल आपूर्ति प्रणाली का शुभारंभ किया। रक्षा मंत्रालय द्वारा सोमवार को इस बारे में जानकारी दी गई। मंत्रालय के अनुसार, छावनी बोर्डों के लिए जीआईएस-आधारित जल आपूर्ति प्रणाली का माड्यूल भास्कराचार्य इंस्टीट्यूट फार स्पेस एप्लिकेशन एंड जियोइनफारमैटिक्स (बीआईएसएजी) द्वारा रक्षा सचिव और रक्षा संपदा महानिदेशक (दिल्ली) के मार्गदर्शन में विकसित किया गया है। मंत्रालय के अनुसार, छावनी के नागरिकों को पानी का कनेक्शन प्रदान करने के लिए यह एक आसान और तेज एप्लिकेशन है। यह पूरी तरह से स्वचालित है जो अपने नागरिक को पानी की आपूर्ति कनेक्शन के स्थान की पहचान करने की सुविधा प्रदान करता है, स्वचालित रूप से निकटतम पानी की पाइपलाइन का निर्धारण करता है, सभी जल आपूर्ति लाइनों की क्षमता को परिभाषित करता है, स्थान और आवेदक द्वारा देय राशि के आधार पर दूरी की गणना करता है। साथ ही कनेक्शन शुल्क का भुगतान आनलाइन किया जा सकता है। माड्यूल आगे पानी के कनेक्शन के लिए आनलाइन स्वीकृति की सुविधा प्रदान करता है। एक बार सिस्टम द्वारा स्वीकृति जारी करने के बाद, कैंट बोर्ड में संबंधित विभाग दिए गए समय के भीतर वास्तविक पानी कनेक्शन सुनिश्चित करेगा। प्रणाली अत्यधिक उपयोगकर्ता के अनुकूल, कुशल और पारदर्शी है।

## देश में ओमिक्रॉन की रफ्तार तेज, दिल्ली में मिले 2 और केस, आंकड़ा 160 पर पहुंचा

**नई दिल्ली ।**

दुनिया में कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन की दहशत के बीच देश में भी इसकी रफ्तार बढ़ती जा रही है। सोमवार को दिल्ली में ओमिक्रॉन के दो और नए मामले सामने आए। इस संख्या के साथ ही देश में ओमिक्रॉन संक्रमितों की कुल संख्या 160 हो गई है। इसके बाद दिल्ली 24 ओमिक्रॉन संक्रमितों की संख्या के साथ देश में दूसरे स्थान पर है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 54 केस दर्ज हैं। सोमवार को दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय राजधानी में ओमिक्रॉन संक्रमण के दो नए केस सामने आए। इसके साथ ही दिल्ली में ओमिक्रॉन संक्रमितों की कुल संख्या 24 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि 12 मरीज ठीक होकर घर लौट चुके हैं। अभी 12 ओमिक्रॉन संक्रमितों का इलाज चल रहा है। भारत में ओमिक्रॉन संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। दिल्ली में दो नए केस के अलावा कर्नाटक में ओमिक्रॉन के पांच नए मामले सामने आए। इस संख्या बल के साथ कर्नाटक में ओमिक्रॉन संक्रमितों की कुल संख्या 19 हो गई है।

## गुजरात तट पर पाकिस्तानी नाव से 400 करोड़ रुपये की 77 किलो हेरोइन जब्त

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। छह चालक दल के सदस्यों के साथ एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव और लगभग 400 करोड़ रुपये की 77 किलोग्राम हेरोइन ले जा रही थी, जिसे गुजरात तट से भारतीय जल क्षेत्र में पकड़ा गया था। अधिकारियों ने सोमवार को इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) के संयुक्त अभियान में रविवार रात को मादक पदार्थ जब्त किया गया। गुजरात के रक्षा पीआरओ ने एक ट्वीट में कहा कि तटरक्षक बल ने राज्य एटीएस के साथ एक संयुक्त अभियान में पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव अल हुसैनी को भारतीय जल क्षेत्र में छह चालक दल के सदस्यों के साथ पकड़ लिया। उन्होंने ट्वीट में कहा, लगभग 400 करोड़ रुपये की 77 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई। नाव को आगे की जांच के लिए गुजरात के कच्छ जिले के जखाऊ तट पर लाया गया था। इस साल अप्रैल में, तटरक्षक बल और एटीएस ने इसी तरह का ऑपरेशन किया था और कच्छ में जखाउ तट के पास भारतीय जल क्षेत्र से आठ पाकिस्तानी नागरिकों के साथ लगभग 150 करोड़ रुपये की 30 किलोग्राम हेरोइन ले जा रही एक नाव को पकड़ा था। पिछले महीने, एटीएस ने गुजरात के मोरबी जिले में एक निर्माणाधीन घर से लगभग 600 करोड़ रुपये की हेरोइन ड्रग की खेप जब्त की थी। एटीएस ने कहा था कि यह खेप पाकिस्तानी ड्रग डीलरों ने अरब सागर के रास्ते अपने भारतीय समकक्षों को भेजी थी।

# भारत और वियतनाम के बीच लगातार बढ़ रही है रक्षा साझेदारी : राष्ट्रपति कोविंद

**नई दिल्ली ।**

भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि भारत और वियतनाम के बीच लगातार रक्षा साझेदारी बढ़ रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और वियतनाम के बीच आर्थिक संबंध ने कोविड-19 महामारी के कारण व्यवधानों के बावजूद सकारात्मक दिशा बनाए रखी है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति को यह उल्लेखित करते हुए प्रसन्नता हुई कि भारत और वियतनाम के बीच रक्षा साझेदारी लगातार बढ़ रही है। वियतनाम के एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कोविंद ने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा सहयोग क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि में योगदान देगा। वियतनाम की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष वुओंग दिन्ह ह्यू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने कहा कि समकालीन समय में भारत और वियतनाम के बीच नेतृत्व स्तर पर उत्कृष्ट संबंध हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे लोग महात्मा गांधी और राष्ट्रपति हो ची मिन्ह के आदर्शों का अनुसरण करते हैं।' आज, हमारी द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी में व्यापक क्षेत्र शामिल हैं- राजनीतिक संबंध से लेकर व्यापार एवं निवेश संबंध, ऊर्जा सहयोग, विकास साझेदारी, रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग और लोगों के बीच संबंध। कोविंद ने 2018 में देश की अपनी यात्रा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने वियतनाम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और दोनों देशों के बीच प्राचीन सभ्यतागत आदान-प्रदान को खुद देखा, जिसमें मजबूत बौद्ध संबंध भी शामिल हैं। बयान के अनुसार राष्ट्रपति ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण व्यवधान उत्पन्न होने के बावजूद भारत और वियतनाम के बीच आर्थिक संबंध ने सकारात्मक दिशा बनाए रखी है। बहुपक्षीय मंचों पर भारत और वियतनाम के बीच सहयोग के बारे में कोविंद ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और अन्य मंचों पर हमारे समन्वित प्रयासों ने अधिकांश विकासशील देशों को आवाज दी है। उन्होंने कहा कि भारत और वियतनाम अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत एक स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण, समृद्ध, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र में योगदान करने के लिए आसियान के साथ काम कर रहे हैं।



# देश में सहकारिता का दायरा बढ़ाने के लिए जल्द लाई जाएगी नई सहकारिता नीति : शाह



**पुणे।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा केंद्र सरकार देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए कृषि वित्त के लिए एक पारदर्शी प्रणाली स्थापित करने के उद्देश्य से कई उपाय करने पर विचार कर रही है। शाह ने वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान (वैमनीकॉम) के दीक्षांत समारोह में कहा कि सरकार बहुराज्यीय सहकारिता अधिनियम में संशोधन करेगी और देश में सहकारिता क्षेत्र का दायरा बढ़ाने के लिए जल्द सहकारिता नीति लाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों में देश में सहकारिता आंदोलन कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा हमें एक बार फिर सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करना होगा और इसे देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सबसे बड़ा योगदान करने वाला बनाना होगा और इसके लिए आप सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में समर्पण के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार कई उपाय कर रही है। उन्होंने कहा हम बहु-राज्य सहकारी अधिनियम में संशोधन करेंगे और सभी खामियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। शाह ने घोषणा की कि केंद्र सरकार जल्द ही सहकारिता प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए एक राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करेगा। उन्होंने कहा आज डिग्री के साथ इन संस्थानों से बाहर निकल रहे छात्रों के सामने सहकारिता क्षेत्र में कई अवसर हैं। उन्होंने कहा आज आप भी इस संस्थान से बाहर निकल रहे हैं। वैमनीकॉम कोई विश्वविद्यालय नहीं है और न ही ऐसा बनने की कोई संभावना है। लेकिन इसने खुद को बहुत कम समय में 24 राज्यों के विभिन्न राज्य स्तरीय संस्थानों से जोड़ा है। शाह ने कहा हम जल्द ही सहकारिता प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए एक विश्वविद्यालय स्थापित करेंगे। यह एक राष्ट्रीय विश्वविद्यालय होगा और राज्यों के कई कॉलेज इस विश्वविद्यालय से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा भारत ने सहकारिता क्षेत्र में सफलता की कई उपलब्धियां हासिल की हैं और जब भारत 'आत्मनिर्भर' बनना चाहता है, तो तय है कि इसमें सहकारिता क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शाह ने कहा कि 'आत्मनिर्भर' बनने का एक अर्थ भारत में सभी आवश्यक चीजों का निर्माण करना है, जबकि दूसरा अर्थ देश के 130 करोड़ लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा अगर हम 130 करोड़ लोगों को 'आत्मनिर्भर' बनाना चाहते हैं और समान विकास लाना चाहते हैं, तो सहकारिता ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जो इन 130 करोड़ लोगों को सर्वांगीण विकास, समान विकास और अवसर प्रदान करेगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगा। शाह ने कहा देश में कई किसान जैविक खेती मॉडल को अपना रहे हैं। हालांकि, उन्हें उनकी उपज का सही दाम नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा मिट्टी और उत्पाद प्रमाणन के लिए कोई प्रणाली नहीं है।

# राहुल गांधी ने लोकसभा में पेश किया स्थगन प्रस्ताव

**नई दिल्ली।**



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में लद्दाख को राज्य के दर्जे और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव पेश किया। केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने सदन की कार्यवाही स्थगित करने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की अनुमति देने के नोटिस दिया। अपने नोटिस में राहुल गांधी ने कहा कि वह लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस के सदस्यों सहित हितधारकों के साथ एक समिति गठित करने के मामले पर चर्चा करना चाहते हैं ताकि उनकी मांगों पर विचार किया जा सके। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में पारंपरिक चारागाह भूमि तक निर्बाध पहुंच का मुद्दा भी उठाया। राहुल गांधी ने कहा कि लद्दाख को अलग राज्य का दर्जा दिए जाने को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश के कई प्रमुख नेताओं ने हाल ही में अपनी मांग के लिए बड़े पैमाने पर आंदोलन करने का आह्वान किया है। गौरतलब है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 2019 को जम्मू और कश्मीर के विशेष राज्य का दर्जा निरस्त किया था और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किया था। सरकार ने संसद में एक कानून पारित करने के बाद 5 अगस्त 2019 को लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाया था।

# भारत मध्य एशियाई देशों के साथ अपने संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने को उत्सुक : जयशंकर

**नई दिल्ली ।**

भारत ने पांच मध्य एशियाई देशों को अवगत कराया कि वह उनके साथ अपने सहयोग को अगले स्तर तक ले जाने के लिए तैयार है और यह उनकी विकास यात्रा में दृढ़ भागीदार बनेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह संदेश तीसरे भारत-मध्य एशिया संवाद में दिया जिसमें कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के उनके समकक्षों ने भाग लिया। ज्ञात हो कि इन पांच देशों के शीर्ष नेतृत्व के 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने की उम्मीद है। तुर्कमेनिस्तान के विदेश मंत्री राशिद मेरेदोव ने इस संवाद को जनवरी में आगामी मध्य एशिया-भारत शिखर सम्मेलन की तैयारी के रूप में वर्णित किया। जयशंकर ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा हम अपने द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति से बहुत खुश हैं, हम जानते हैं कि क्षमता बहुत अधिक है। आज हम में से प्रत्येक को अपनी अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण की परीक्षा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा एसडीजी (सतत विकास लक्ष्य) की हमारी खोज को भी सक्रिय किया जाना चाहिए। हम साथ मिलकर बेहतर कर सकते हैं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि भारत आपका दृढ़ भागीदार के रूप में साथ देगा। विदेश मंत्री ने तेजी से बदलती वैश्विक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करते हुए दोनों पक्षों द्वारा विविध क्षेत्रों में सहयोग को और विस्तारित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा हमारे पास पहले से ही सहयोग का एक अच्छा इतिहास रहा है। आज आपको मेरा संदेश, इसे अगले स्तर पर ले जाने के लिए तैयार रहना होगा। कजाकिस्तान के विदेश मंत्री मुख्तार तिलेबर्दी ने साझा प्राथमिकताओं और दोतरफा साझेदारी को एक नए स्तर पर ले जाने की प्रतिबद्धता के बारे में बात की।

उन्होंने कहा मध्य एशिया और भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी गतिशील रूप से आगे बढ़ रही है, जिसमें सहयोग के नए क्षेत्र शामिल हैं। किर्गिस्तान के विदेश मंत्री रुस्लान कजाकबाएव ने भारत के अच्छे संबंधों का उल्लेख करते हुए इसे सभी मध्य एशियाई देशों के लिए एक रणनीतिक भागीदार के रूप में वर्णित किया।

# राहुल गांधी के 'हिंदू और हिंदुत्ववादी' वाले बयान का प्रियंका ने किया समर्थन



**रायबरेली ।** राजनीति में धर्म के इस्तेमाल को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'हिंदू और हिंदुत्ववादी' वाले बयान का कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने समर्थन करते हुए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर राजनीति के लिए धर्म का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। प्रियंका ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में हिंदू और हिंदुत्ववादी संबधी बयान के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा राहुल जी ने स्पष्ट कहा कि हिंदू धर्म सिखाता है कि सब लोग आपस में प्रेम भाव रखें। हिंदू धर्म सच्चाई सिखाता है। राहुल जी कह रहे हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग और भाजपा के नेता राजनीति में धर्म का इस्तेमाल कर रहे है। उन्होंने कहा भाजपा और संघ के लोग धार्मिकता और सच्चाई के पथ पर चल नहीं रहे हैं क्योंकि वह आपके सामने रोज आकर झूठ ही बोलते हैं। राहुल जी कह रहे हैं कि आप फर्क देखिए कि असली धर्म क्या है। गौरतलब है कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाल में जयपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि वह हिंदू हैं मगर हिंदुत्ववादी नहीं हैं, हिंदू सत्य को ढूंढता है उसका रास्ता सत्याग्रह है और वह पूरी जिंदगी सच को ढूंढने में निकाल देता है जबकि हिंदुत्ववादी अपनी पूरी जिंदगी सत्ता को खोजने में लगा देता है उसे सिर्फ सत्ता चाहिए और उसके लिए वह कुछ भी कर देगा। पिछले शनिवार को अमेठी में निकाली गई पदयात्रा के दौरान भी राहुल ने हिन्दू और हिन्दुवादियों की अलग-अलग परिसमझाते हुए कहा, 'एक तरफ हिंदू खड़े हैं जो सच्चाई की राह पर चलते हैं, नफरत नहीं फैलाते हैं। दूसरी तरफ हिंदुत्ववादी खड़े हैं जो नफरत फैलाते हैं और सत्ता छीनने के लिए कुछ भी कर सकते हैं।' एक तरफ खुद और दूसरी तरफ मोदी को लक्ष्य करते हुए राहुल गांधी ने कहा था, एक तरफ हिंदू है, दूसरी तरफ हिंदुत्ववादी है।

# आधा दर्जन शहरों से भाजपा ने किया जन विश्वास यात्रा का आगाज

**लखनऊ ।**

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2022 के मद्देनजर भाजपा दोबारा सत्ता में वापसी के लिए अभी से सक्रिय हो गई है। रविवार को राज्‍ य के छह स्थानों से जनविश्वास यात्रा शुरू की और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अंबेडकरनगर में यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा राज्य मुख्यालय से दी गई जानकारी के अनुसार उत्‍ तर प्रदेश के मुख्‍ यमंत्री योगी आदित्‍ यनाथ ने मथुरा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने झांसी, केंद्रीय परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिजनौर, मध्‍ यप्रदेश के मुख्‍ यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा प्रदेश अध्‍ यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने बलिया और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने गाजीपुर में जनविश्वास यात्रा को हरी झंडी दिखाई और जनसभाओं को संबोधित किया। समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की जन्मभूमि अंबेडकर नगर से जनविश्वास यात्रा की शुरुआत करते हुये नड्डा ने कहा, हम समर्पित भाव से लोगों की सेवा करते हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, ये सिर्फ भाजपा के नेतृत्व में ही संभव है। बाकी किसी राजनीतिक पार्टी में ये कभी भी संभव नहीं है। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर से उठाकर देख लो हर पार्टी भाई-भतीजावाद, जातिवाद, वंशवाद, परिवारवाद से ग्रसित हो चुकी है। नेशनल कांफ्रेंस परिवारवाद की पार्टी, पीडीपी परिवारवाद की पार्टी, हरियाणा में परिवारवाद की पार्टी, दक्षिण में जाओ परिवारवाद की पार्टी, बंगाल में जाओ परिवारवाद की पार्टी और उत्‍ तर प्रदेश आओ तो परिवारवाद की पार्टी, मेरा बबुआ और बाकी कोई नहीं। समाजवादी पार्टी पर खनन माफिया, गुंडों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने दावा किया कि योगी आदित्यनाथ ने माफिया की सफाई की और यह सुशासन की वजह से संभव हो सका।

# लोकसभा ने दी चुनाव संशोधन बिल को मंजूरी वोटर आईडी कार्ड को आधार से जोड़ने का है प्रस्ताव

**नई दिल्ली ।**

वोटर आईडी कार्ड से आधार नंबर को जोड़ने के प्रस्ताव वाले विधेयक को लोकसभा से मंजूरी मिल गई है। सोमवार को कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने इस विधेयक को पेश किया, जिस पर हंगामे के बीच सदन ने मुहर लगा दी। चुनाव कानून संशोधन विधेयक. 2021 के मतदाता सूची तैयार करने वाले अधिकारियों को संबंधित व्यक्ति से आधार कार्ड मांगने का अधिकार होगा। हालांकि इस विधेयक में आधार कार्ड का नंबर बताने को वैकल्पिक रखा गया है। सरकार का कहना है कि आधार कार्ड को वोटर आईडी से लिंक किए जाने से मतदाताओं को वेरिफिकेशन हो सकेगा और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी नहीं हो सकेगी। इस विधेयक को बुधवार को ही कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। बिल पेश करते हुए कानून मंत्री रिजिजू ने कहा कि आधार और वोटर कार्ड को लिंक करने से फर्जी मतदाताओं पर लगाम लगेगी। रिजिजू ने कहा कि सदस्यों ने इसका विरोध करने को लेकर जो तर्क दिए हैं, वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले को गलत तरीके से पेश करने का प्रयास है। यह शीर्ष अदालत के फैसले के अनुरूप ही है। बता दें कि इस बिल को पेश किए जाने का तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस, बसपा और ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने विरोध किया। कांग्रेस ने कहा कि इस विधेयक को स्टैंडिंग कमिटी के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। असददुद्दीन ओवैसी ने कहा कि इस विधेयक के जरिए चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र और संवैधानिक संस्था को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि आधार-वोटर कार्ड लिंक होने से भविष्य में बहुत से मतदाता का नाम हटाने की भी आशंका है। हालांकि संसद के दोनों सदनों में सरकार के पास पर्याप्त संख्या बल मौजूद है। लेकिन सत्ता-विपक्ष के बीच पहले से चल रहे गतिरोध के साथ चुनाव सुधार बिल भी मतभेद का एक नया अध्याय जोड़ सकता है। इस बीच सरकार लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ाकर 21 साल करने के प्रस्ताव वाले विधेयक को भी इसी सत्र में संसद में पेश करने की तैयारी में है। इस विधेयक का भी कांग्रेस ने विरोध करने का पहले ही ऐलान किया है।




**कार्यालय ऑफिस**

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com

**समस्या आपकी हमें भेजे**

अपने क्षेत्र में समस्याएं हमें लिखे या बताएँ और समस्याएं का हल संबंधित विभाग से मिलेगा
मोबाईल:-987914180
या फोटा,वीडियो हमें भेजे

**कार्यालय ऑफिस**

क्रांति समय दैनिक समाचार
भारत के अन्य राज्यों में जिला ब्यूरों और अन्य शहर,ग्राम में पत्रकारों की नियुक्त के लिए आवेदन कर सकते है
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com